

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | बुधवार, 06 नवंबर 2024 | वर्षः 01, अंकः 253, पृष्ठः 8, मूल्यः 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## 'सुप्रीम कोर्ट ने यूपी मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को संवैधानिक' घोषित किया

### 'इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इसे असंवैधानिक' करार किया था

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने 'उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004' की संवैधानिक वैधता बरकरार रखी है। कोर्ट ने कहा कि यह धर्मनिरपक्षेता के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करता। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था देकर गलती की कि मूल ढांचे यानी धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने के कारण उत्तर प्रदेश मदरसा कानून को खारिज करना होगा। कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 22 मार्च के फैसले को उस खारिज कर दिया, जिसमें यूपी मदरसा अधिनियम



को रद्द कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि यूपी मदरसा अधिनियम केवल इस हद तक असंवैधानिक है कि यह फाजिल और कामिल के तहत उच्च शिक्षा की डिग्री प्रदान करता है, जो यूजीसी अधिनियम के विपरीत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम की विधायी योजना मदरसों में दी जा रही शिक्षा के स्तर के मानकीकरण के लिए है।इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को दरकिनार कर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्य के मदरसों को एक बड़ी राहत दी। प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हम उत्तर प्रदेश मदरसा कानून की वैधता बरकरार रखते हैं। एक बात यह भी है कि यदि राज्य के पास विधायी शक्ति नहीं है, केवल तभी किसी कानून को खारिज किया जा सकता है।फैसला उत्तर प्रदेश के मदरसों के अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी राहत है। ऐसा इसलिए, क्योंकि उच्च न्यायालय ने इन मदरसों को बंद करने और वहां पढ़ रहे विद्यार्थियों को राज्य के अन्य विद्यालयों में दाखिला देने का आदेश दिया था। दरअसल, उत्तर प्रदेश मदरसा कानून को असांविधानिक बताने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस कानून को पूरी तरह से वैध करार दिया है। कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए कानून को मान्यता दे दी है। इससे पहले मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 22 अक्तूबर को हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## लुधियाना में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के चार सदस्य गिरफ्तार

एजेंसी

**लुधियाना।** काउंटर इंटेलिजेंस और लुधियाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए विदेश में रह रहे हरजीत सिंह उर्फ लाडी और साबी द्वारा संचालित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि इस अभियान के तहत शिवसेना नेताओं को निशाना बनाकर की गई पेट्रोल बम की घटनाओं को सफलतापूर्वक सुलझाया है, जिसमें 16 अक्टूबर, 2024 को योगेश बख्शी के आवास पर हमला और हाल ही में 02 नवंबर, 2024 को लुधियाना के मॉडल टाउन एक्सटेंशन में हरकीरत सिंह खुराना के घर पर हुई घटना शामिल है। श्री यादव ने बताया कि मॉड्यूल के चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, और टोही



तथा ट्रैकिंग के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों के संपर्कों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है और अतिरिक्त गिरफ्तारियां की जानी हैं। डीजीपी ने कहा कि हरजीत सिंह उर्फ लाडी भी पंजाब के नांगल में विकास प्रभाकर की हत्या के मामले में वांछित आरोपी है और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है।

## भारत औपनिवेशिक मानसिकता त्याग रहा हैः धनखड़

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोक प्रशासन में प्रौद्योगिकी को अपनाने, इसे समावेशी बनाने और 'अंत्योदय' से प्रेरित होने पर जोर देते हुए कहा कि भारत औपनिवेशिक मानसिकता त्याग रहा है। श्री धनखड़ ने यहां भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की आम सभा की 70वीं वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत तेजी से औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा है। औपनिवेशिक विचारों को चुनौती दी रही है। उन्होंने कहा, भारतीय लोक प्रशासन में भारतीय विशेषताएं होनी चाहिए जो औपनिवेशिक मानसिकता से दूर हो और स्वतंत्रता के बाद हमारी आकांक्षाओं के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि अब पहले के औपनिवेशिक विचारों और प्रतीकों को चुनौती दी जा रही है। उन्होंने कहा, ÷ 'किंग्स वे' अब 'कर्तुतव्य पथ' बन गया है और 'रेस कोर्स रोड' 'लोक कल्याण मार्ग' बन गया है। नेताजी अब उस छत्र पर खड़े हैं जहां कभी किंग जॉर्ज की प्रतिमा हुआ करती थी। भारतीय नौसेना के ध्वज में हमारा तिरंगा शामिल कर दिया गया। औपनिवेशिक काल के 1500



कानून अब कानून की किताब में नहीं हैं। नए आपराधिक कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - ने भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली को औपनिवेशिक विरासत से मुक्त कर दिया है।उप राष्ट्रपति ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी बदलाव है कि 'दंड' संहिता अब 'न्याय' संहिता बन गई है, जो पीड़ितों के हितों की रक्षा करने, अभियोजन को कुशलतापूर्वक चलाने और कई अन्य पहलुओं के लिए सुधार ला रही है। भारत तेजी से औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा है। अब चिकित्सा या तकनीक सीखने के लिए अंग्रेजी की आवश्यकता नहीं है।

श्री धनखड़ ने कहा कि सरकारी अधिकारियों के बीच सॉफ्ट स्किल्स, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सांस्कृतिक क्षमता विकसित करना महत्वपूर्ण है ताकि अधिकारी हाशिए पर पड़े और वंचित लोगों के संघर्षों को समझ सकें। ऐसी नीतियों को डिजाइन और लागू कर सकें जो वास्तव में उन चुनौतियों का समाधान करें। उन्होंने लोक सेवकों की समस्या-समाधान क्षमताओं को बढ़ाने और नैतिक नेतृत्व को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नैतिक मानक हमारी सभ्यता के लिए मौलिक हैं। लोक प्रशासन में प्रौद्योगिकी अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अनुसंधान पहलों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जबकि सार्वजनिक सेवा वितरण में उनके नैतिक और जिम्मेदार कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना चाहिए। प्रभावी लोक प्रशासन की आधारशिला निरंतर सीखना और क्षमता निर्माण है। श्री धनखड़ ने कहा कि प्रौद्योगिकी को अपनाने के साथ-साथ हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि इससे और अधिक विभाजन पैदा नहीं होना चाहिए। तेजी से आगे बढ़ती प्रौद्योगिकी समाज के सबसे कमजोर वर्गों को बाहर कर सकती है। इसलिए दृष्टिकोण समावेशी और 'अंत्योदय' से प्रेरित होना चाहिए।

## सरकारी स्कूल में पढ़ने वाला गरीब परिवार का बच्चा भी विदेश जाकर पढ़ाई करेगाः केजरीवाल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में सरकारी स्कूलों पर चल रही राजनीति पर आज सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के 30 बच्चे आज पेरिस में हैं, जो फ्रेंच भाषा का एडवांस कोर्स करने गए है । कभी किसी ने सोचा भी नहीं था कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाला गरीब परिवार का बच्चा भी विदेश जाकर पढ़ाई करेगा। ये किसी सपने से कम नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि हमने दस सालों में वो कर दिखाया, जिसे लोग नामुमकिन कहते थे । दिल्ली के हर बच्चे को हम वो सभी मौके दे रहे हैं, जो अब तक सिर्फ बड़े और अमीर परिवार के बच्चों को मिलते थे । उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के साथ मिलकर, इस क्रांति को ऐसी ऊंचाइयों तक ले जाएंगे, जहां तक किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी।

## कनाडा में मंदिर पर हमले की यादव ने की निंदा



एजेंसी

**भोपाल।**कनाडा में एक मंदिर पर हुए हमले को लेकर चिंता जताते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि कनाडा सरकार को सभी धर्मों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाने चाहिए।डॉ यादव ने कल देर रात इस मामले को लेकर एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'कनाडा में एक हिंदू मंदिर पर जानबूझकर किया गया हमला चिंतित करने वाला है। एक सभ्य समाज में इस प्रकार की हिंसक घटनाएं अस्वीकार्य हैं। हम इसकी कठोर निंदा करते है। कनाडा सरकार से अपेक्षा है कि वो सभी धर्मों के हितों की रक्षा के लिए तत्काल कदम उठाए। इसके साथ ही डॉ यादव ने इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक्स हैंडल की ओर से की गई पोस्ट को भी रीपोस्ट किया है।

कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में रविवार को हिंदू महासभा मंदिर को चरमपंथियों ने अपना निशाना बनाया। भारत ने इसके खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस संबंध में एक्स पोस्ट करते हुए उम्मीद जताई है कि कनाडा सरकार न्याय सुनिश्चित करेगी और कानून का शासन कायम रखेगी।



## पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों महिलाओ छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित ह्लमिशन शक्तिह्व पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930-साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया ।

## टप्पेबाजी की घटना का अनावरण कर दो अभियुक्ताओं को किया गया गिरफ्तार, नगदी मोबाइल फोन बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** सोमवार को वादिनी रेशमा पत्नी नबी अहमद निवासिनी दशहराबाग थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी द्वारा तहरीर दिया गया कि वह अपने पति के साथ ई-रिक्शा से जा रही थी कि नाका सतरिख चौराहे के पास दो अज्ञात महिलाओं द्वारा उसके चेहरे को अपने पल्लू से ढ़क दिया गया एवं धक्का-मुक्की कर के उसका पर्स लेकर ई-रिक्शा से उतर गई। उसके पर्श में 5000/- रुपये नकद व मोबाइल फोन था।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा घटना का अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर आवश्यक निर्देश दिये गये। इसी क्रम में मंगलवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस व डिजिटल डेटा की मदद से घटना का अनावरण करते हुए अभियुक्तागण 1. अमीसा देवी पत्नी निरहुआ खरवार निवासी ग्राम चनवा जनपद आरा (बिहार), 2. पिंकी पुत्री स्व0 अजय निवासी शान्ति नगर बस स्टैण्ड थाना पुलिस चौकी बक्सर (बिहार) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तागण के कब्जे से शत प्रतिशत बरामदगी (5000/- रुपये नकद व मोबाइल फोन) की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तागण द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह भीड़-भाड़ वाले स्थानों जैसे बस स्टैण्ड, ऑटो, रिक्शा आदि पर अधिकतर महिलाओं को चकमा देकर इस प्रकार की टप्पेबाजी की घटनाएं कारित करती हैं।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**बाराबंकी।** सोमवार को वादी क्लेमेंट रिचर्ड पुत्र स्व0 विक्टर लुईस निवासी नेहरू रोड वैसलियन मैथोडिस्ट चर्च, कैण्ट, सदर लखनऊ द्वारा तहरीर दिया गया कि दिनांक 30.10.2024 को अपने मामा की मोटरसाइकिल यूपी 32 पीएफ 8549 लेकर लखनऊ से देवा मेला के लिए निकला था कि लालबाग चौराहे पर रास्ता पूछने के दौरान एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा भी देवा मेला जाने की बात कही गई एवं साथ में ले चलने का अनुरोध किया गया। देवा मेला घूमने के बाद उसी व्यक्ति जिसने अपना नाम अनीस बताया था, के साथ वापस आकर आलापुर में गाड़ी खड़ी कर के कुछ सामान खरीदने लगा तभी वह लड़का उसकी मोटरसाइकिल लेकर चला गया ।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा घटना की जांच कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर आवश्यक निर्देश दिये गये। इसी क्रम में मंगलवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस व डिजिटल डेटा की मदद से अभियुक्त मो0 अनीस पुत्र मो0 सईद निवासी मेढ़ी टोला अलीगंज थाना डण्डिया बजारा जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई एक अदद मोटरसाइकिल (बजाज प्लैटिना) यूपी 32 पीएफ 8549 बरामद किया गया।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने पैदल गस्त कर सुरक्षा का कराया एहसास

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी अभिषेक सिंह के साथ जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना मंझनपुर अन्तर्गत ओसा चौराहे पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया, साथ ही शराब की दुकानों को चेक किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर व प्रभारी महिला थाना मौजूद रहे।

# डीएम ने परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक किया

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** डीएम मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में अल्पसंख्यक विभाग द्वारा संचालित मदरसों के प्रधानाध्यापक एवं समस्त आश्रम पद्धति विद्यालय एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक तथा अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूल/इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनको आगामी 04.12.2024 को आयोजित होने वाली परीक्षा की पूर्व तैयारी के सम्बन्ध में प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।



बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से अधिक से अधिक छात्रों को परीक्षा में प्रतिभाग कराया जाय। परीक्षा का उद्देश्य जनपद अथवा प्रदेश रैंकिंग न होकर छात्र-छात्राओं का वास्तविक आंकलन किया जाना हैं, जिससे छात्र राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका अदा कर सकें। इसके साथ ही यह भी निर्देशित किया कि सभी प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाचार्य बच्चों को मॉडल पेपर एवं ओ0एम0आर0 शीट पर सतत अभ्यास कराना सुनिश्चित करें, जिससे परीक्षा में छात्रों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। परीक्षा कक्षा-3, कक्षा-6 एवं कक्षा-9 के छात्रों के लिये आयोजित होगी। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का सृजन किया जाय तथा आवश्यकतानुसार छात्र-छात्राओं को उपचारात्मक शिक्षण भी कराया जाय।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा द्वारा अवगत कराया गया कि परीक्षा के लिए कक्षा-3 में 45 प्रश्न, कक्षा-6 में 51 प्रश्न एवं कक्षा-9 में 60 प्रश्न परख सर्वेक्षण के लिए निर्धारित है, जो फील्ड इन्वेस्टीगेटर्स व सी0बी0एस0ई0 के पर्यवेक्षकों द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव, डायट प्राचार्या निधि शुक्ला एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहें।

## डीएम ने राष्ट्रीय पोषण मिशन एवं ऑगनबाड़ी भवन केन्द्र निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर दिये-निर्देश

### जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन ऑगनबाड़ी केन्द्रों/भवनों का निर्माण कार्य 05 दिसम्बर तक पूर्ण कराने के दियें निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में राष्ट्रीय पोषण मिशन एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने ऑगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते निमार्णाधीन ऑगनबाड़ी केन्द्रों/भवनों का निर्माण कार्य 05 दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सीडीपीओ, ऑबनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन ऑबनबाड़ी केन्द्रों में कायाकल्प का कार्य कराया जाना है, उसकी सूची एक सप्ताह के अन्दर अवश्य उपलब्ध करायें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सैम



बच्चों को चिहिन्त कर मैम/सासान्य श्रेणी में परिवर्तित करने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। उन्हांने सभी सीडीपीओ को घर-घर जाकर सैम बच्चों को चिहिन्त कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दियें।

उन्होंने जनपद में मातृ शिशु मृत्यु दर कम से कम करने के लिए आरबीएसके की टीम एवं ऑगनबाड़ी सुपरवाइजरों की एक टीम बनाकर कार्य करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने आरबीएसके की टीम को गॉव-गॉव भ्रमण कर ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं पोषण ट्रैकर को चेक करने के निर्देश दियें।

जिलाधिकारी ने आरबीएसके की टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी के पास ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आशाओं का नम्बर अवश्व हों, जहॉ कहीं पर भी टीम भ्रमण में जायें उनसे बात कर जरूर मिलें। उन्होंने सुपरवाइजरों को निर्देशित करते हुए कहा कि होम विजिट 90 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए, लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने सीडीपीओ, आशा तथा एएनएम को आयरन की गोलियां एवं पोषाहार नियमित रूप से महिलाओं तथा किशोरियों, बच्चों एवं पात्र लोगों में वितरित कराये जाने के लिए कहा। उन्हांने आरबीएसके की टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि गॉव भ्रमण के दौरान यदि कुपोषित/अति कुपोषित गर्भवती महिलायें एवं बच्चे मिलतें हैं, तो उनके नाम की सूची की एक प्रति ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशाओं को अवश्य उपलब्ध करायें। उन्हांने पोषण ट्रैकर के अन्तर्गत लाभार्थियों का मोबाइल/आधार बेरीफिकेशन के कार्य को एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराने के निर्देश दियें।

## 24 घण्टे के अंदर हत्या की घटना का खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार, पति ने ही की थी हत्या

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** दिनांक 03.11.2024 को थाना कोतवाली हाटा क्षेत्रांतर्गत ग्राम नाउमुंडा निवासी गुड्डू यादव पुत्र स्व0 मूरत यादव द्वारा थाना कोतवाली हाटा पर सूचना दी गयी कि दिनांक 03.11.2024 को उसकी पत्नी रेखा उर्फ शिवानी उम्र करीब 34 वर्ष की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चाकू मारकर हत्या कर दी गयी है व शव को धान के खेत में फेक दिया गया है। सूचना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली स्थानीय पर मु0अ0सं0-829/2024 धारा 103 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत कराते हुए पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण/अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के नेतृत्व में टीमें गठित कर निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम




में गठित टीमों द्वारा इलेक्ट्रानिक व मैनुअल साक्ष्य एकत्रित किये गये, सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया तथा अन्य लोगों से पुछताछ के आधार पर ज्ञात हुआ कि मृतका के पति गुड्डू यादव उपरोक्त द्वारा ही घटना को कारित किया गया है। जिसे थाना कोतवाली हाटा द्वारा नियमानुसार गिरफ्तार कर मुकदमा उपरोक्त में धारा 248 बीएनएस की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछाताछ का विवरण

अभियुक्त गुड्डू यादव उपरोक्त द्वारा बताया गया कि वह अपनी पत्नी के कृत्यों से बहुत परेशान हो चुका था। बार-बार पत्नी द्वारा अपशब्दों का प्रयोग कर सम्बोधित किया जाता था जिसको लेकर आपस में कई बार मार-पीट की घटना भी हुई थी तथा गांव घर में मेरी बहुत बदनामी होने लगी थी। मैं मानसिक रुप से परेशान रहने लगा तथा मैने उसको जान से मारने का इरादा बना लिया था। दिनांक 03.11.2024 को मेरी पत्नी शौच के लिए गयी तो मै भी उसके पीछे-पीछे गया, मौका पाकर मंझरिया माता मंदीर जाने वाले रोड के पास धान के खेत में अपने पास पहले से रखे हुए चाकू से ताबड़तोड़ अपनी पत्नी के ऊपर कई बार वार कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। मुझे कुछ लोगों द्वारा देख लिया गया था जिनके द्वारा शोर करने पर मैं गन्ने के खेत में छिप गया तथा पहने हुए कपड़ों को गन्ने के खेत में छिपाकर अन्धेरे का लाभ लेकर घर आकर कपड़ा बदल कर पुनः घटनास्थल पर पहुँच गया तथा थाने जाकर तहरीर दे कर मुकदमा पंजीकृत करा दिया।

## जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक संपन्न


**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी ।** जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष गौरव पांडे के अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें कार्यकताओं को पदाधिकारी के बीच पार्टी की रणनीति पर चर्चा हुई तथा उत्तर प्रदेश में हो रहे उपचुनाव के संबंध में भी चर्चा हुई ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने कार्यकताओं को एकजुट होकर के काम करने का आह्वान किया तथा कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर आने वाले कार्यकताओं का स्वागत किया । बैठक संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम बहादुर त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस से लोग जोड़ने के लिए तैयार हैं हम सबको कांग्रेस की नीतियों को हर जगह बताना एवं समझना होगा जिससे लोग हमसे जुड़े बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू ने कहा कि बीजेपी की नीतियों को लोग समझ चुके हैं और जिस तरह से बीजेपी के लोग बांटने की बात करते हैं वह लोगों को समझ में आ गया है कि बीजेपी लडाकर सत्ता पाना चाहती है बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि राहुल गांधी जिस तरह से मेहनत करके गरीबों के बीच जाते हैं उससे लोगों का विश्वास राहुल गांधी के प्रति बड़ा है और इस देश की जनता राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है बैठक में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष आदिल जाफरी उर्फ शम्मूं भाई , अलकमा उस्मानी ,उपाध्यक्ष सत्येंद्र प्रताप राजनरायन पासी , मनोज सिंह पटेल , महासचिव कौशलेश द्विवेदी , दीपक पांडे बाबूजी , रामसूरत रैदास , मो आरिज ,सचिव फौज़िया , अशोक दुबे , श्याम सिंह , दुर्गेश प्रजापति, सरफराज , राम प्रकाश , हेमंत रावत , आसिफ अल्वी नगर अध्यक्ष विक्की पाण्डेय , सचिन पाण्डेय मन्नी लाल , संतोष पटेल , राम प्रकाश पंडा।

## शांति भंग में छः लोगों का पुलिस ने किया चलान




**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**हंडिया।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया प्रयागराज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हण्डिया बृजकिशोर गौतम के निर्देशन मे थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को शान्ति कानून व्यवस्था भंग करने के दृष्टिगत 06 व्यक्तियो गामा यादव पुत्र स्व( ) कल्लू यादव निवासी ग्राम कुसारी,. बलबन्त यादव पुत्र गामा यादव निवासी ग्राम कुसारी. राजेश यादव पुत्र श्रीनाथ यादव निवासी ग्राम कुसारी. अशोक यादव पुत्र शोभनाथ निवासी ग्राम कुसारी. अभयराज यादव पुत्र स्व० सुकुरू लाल निवासी ग्राम कुसारी. रामजीत यादव पुत्र स्वा) रामदुलार यादव निवासी ग्राम कुसारी थाना हंडिया जनपद **प्रयागराज ।**

**गिरफ्तार करने वाले पलिस टीमः**

प्रभारी निरीक्षक हंडिया बृजकिशोर गौतम . उ0नि0 योगेन्द्र कुमार सिंह, उ0नि0प्रशि० उपेन्द्र कुमार गोड थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## चोरी की योजना बनाते समय 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार चोरी के सोने-चांदी के आभूषण नकदी बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी ।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री सुमित त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर मंगलवार को 09 अभियुक्तगण 1.बेताब खरवार पुत्री बिजली खरवार निवासी ग्राम साहब टोला थाना बिहिया जनपद आरा (बिहार), संदीप खरवार पुत्र मोहन खरवार निवासी ग्राम साहब टोला थाना बिहिया जनपद आरा (बिहार), अभिषेक कुमार पुत्र राकेश खरवार निवासी ग्राम फुलवारी थाना चुनार जनपद मिजार्पुर, गणेश खरवार पुत्र पशुपति खरवार निवासी साहब टोला थाना बिहिया जनपद आरा (बिहार), जीतन पुत्र कमलेन्द्र गुलगुलिया निवासी ग्राम सबरीनगर महावीर टोला थाना रूपसपुर जनपद पटना (बिहार), रंजीत कुमार पुत्र कमलेन्द गुलगुलिया निवासी ग्राम सबरीनगर महावीर टोला थाना रूपसपुर जनपद पटना (बिहार), . पालो खरवार पुत्र लम्बू खरवार निवासी विक्रम गंज पटेल नगर जनपद रोहताश (बिहार) हरचुली पुत्र झप्सी निवासी ग्राम साहब टोला थाना बिहिया जनपद आरा (बिहार), अक्षय खरवार पुत्र रमेश खरवार निवासी ग्राम साहब टोला, थाना बिहिया जनपद आरा (बिहार) को गिरफ्तार किया गया एवं 02 बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया।

## करारी : प्रधान के बेटे का कुएं में मिला रक्तरंजित शव, हत्यारों ने हत्या कर कुएं में फेंका शव,पुलिस जांच में जुटी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के नेवारी गांव के कुएं में ग्राम प्रधान के बेटे का रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी मच गई,घटना की जानकारी होने पर ग्रामीण एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी गई,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच में जुट गई है ।ग्राम प्रधान के बेटे की हत्या की सूचना पर एसपी भारी मात्रा में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का जल्द खुलासा करने का आदेश दिया है।


जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के नेवारी गांव की ग्राम प्रधान ननकी देवी के बेटे अजय कुमार उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र विश्वनाथ का बुधव की सुबह गांव के बाहर कुएं में रक्तरंजित शव मिला है,अजय का शव कुएं में मिलने की सूचना पर पूरा गांव एकत्रित हो गया,पुलिस और ग्रामीणों की सहायता से शव को कुएं से बाहर निकाला गया,पुलिस ने शक के आधार पर गांव के दो युवकों को गिरफ्तार किया है और पूछताछ कर रही है। घटना की सूचना पर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव भारी मात्रा में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की छानबीन की,उन्होंने घटना का जल्द खुलासा करने के आदेश दिए है ।एएसपी राजेश सिंह ने बताया कि युवक का शव कुएं में मिला है,शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है,परिजनों ने कुछ लोगों के नाम बताए है जिस पर उन्हें आशंका है,घटना के खुलासे के लिए दो टीम गठित की गई है,जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## गैंगेस्टर के आरोपियों को पांच-पांच साल की सजा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** गैंगस्टर के तीन दोषियों को अदालत ने मंगलवार को पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। जुमार्ना न जमा करने पर एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वर्ष 2019 में सरायअकिल के घेसिया गांव में चारा काटने गई एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ तीन युवकों ने सामूहिक दुराचार किया था। इतना ही नहीं गैंगरेप का आरोपियों ने वीडियो बनाया था और उसको वायरल भी कर दिया था। वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मच गया। इस मामले में मो. आदिल उर्फ छोटका उर्फ आतंकवादी पुत्र मो. इस्माइल, आदिल का सगा भाई मो. आकिब उर्फ बड़का और गांव का ही मो. नाजिम पत्र उबैस उल्ला आरोपी बनाए गए थे। गैंगरेप की घटना को अंजाम देकर आरोपी भाग निकले थे। तत्कालीन एसओजी प्रभारी विजय यादव व उनकी टीम ने पिपरी थाना क्षेत्र के समीप मुठभेड़ में मुख्य आरोपी आदिल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद दोनों अन्य आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया था। गैंगरेप के मामले में आरोपियों को सजा हो चुकी है। इसके बाद पुलिस ने इन आरोपियों का गैंगचार्ट बनाया। इसका सरगना आदिल ही था। गैंगस्टर के मामले में अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी द्वितीय/विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट की अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया।

## फतेहपुर पुलिस ने देर रात पैदल गस्त कर संदिग्ध वाहनों की ली तलाशी





**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृण बनाये रखने हेतु जनपद के क्षेत्राधिकारीगण/ प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा मय पुलिस बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए आमजनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

## दर्जनभर देशो में होगा किन्नर अखाड़ा का विस्तार

### महाकुंभ में सभी देशों के बड़ी संख्या में ट्रांसजेंडर होंगे दीक्षित : आचार्य महामंडलेश्वर डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी । महामंडलेश्वर गगाचार्य महेन्द्रानंद गिरी , महामंडलेश्वर जय अम्बे गिरी ने आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के कार्यों को सराहा

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा का अब विस्तार दर्जनभर देशों में होने जा रहा है। इसकी व्यापक स्तर पर तैयारियां किन्नर अखाड़ा में शुरू हो गयी है। इन देशों के 200 से ज्यादा ट्रांसजेंडर महाकुंभ के दौरान किन्नर अखाड़ा में शामिल होकर दीक्षित होंगे और इसके बाद उनके देशो में किन्नर अखाड़ा का विस्तार शुरू होगा और पदाधिकारी बनाये जायेंगे।

यह जानकारी किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने आज सिविल लाइंस में दिया। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज महाकुंभ में जूना अखाड़ा के नगर प्रवेश के दौरान बड़ी संख्या में किन्नर अखाड़ा के पदाधिकारियों और शिष्यों सहित शामिल हुए थे। जूना अखाड़ा के जूनागढ़ के जगद्गुरु शंकराचार्य गुजरात पीठाधीश्वर स्वामी महेन्द्रनंद गिरि महराज और जूना अखाड़ा की जूनागढ़ की महामंडलेश्वर स्वामी जय अम्बे गिरि महराज के साथ सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार पर विस्तार से चर्चा किया।



किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने बताया कि देश के करीब सभी प्रदेशों में किन्नर अखाड़ा का गठन हो चुका है। सभी प्रदेशों में जगदगुरू,महामंडलेश्वर, मण्डलेश्वर, महंत, पीठाधीश्वर, श्रीमहंत सहित अन्य पदाधिकारी बनाये जा चुके है। उन्होंने बताया कि मलेशिया, थाईलैंड, बैंकाक, सिंगापुर, यूएसए, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस सहित अन्य देशों के दो सौ से अधिक ट्रांसजेंडर संपर्क में हैं। वह चाहते हैं कि किन्नर अखाड़ा का गठन विदेश में हो। इस पर निर्णय लिया है कि तीर्थराज प्रयागराज के महाकुंभ में सभी ट्रांसजेंडरों को बुलाया जा रहा है उनको पहले किन्नर अखाड़ा में दीक्षित किया जा रहा है और महाकुम्भ के बाद सभी देशों में किन्नर अखाड़ा का गठन किया जाएगा। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने बताया कि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए किन्नर संत, महात्मा लगे हुए है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में जो लोग सनातन धर्म छोड़कर दूसरे धर्म में चले गये थे वह लोग अब सनातन धर्म में फिर से वापस आ रहे हैं। उनका स्वागत किया जा रहा है जो जिस योग्य है उसको किन्नर अखाड़ा में पद सहित अन्य जिम्मेदारी भी दी जा रही है। इससे सनातन धर्म का प्रचार, प्रसार होगा और युवा पीढ़ी को सनातन धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी मिलेगी।

इस दौरान जूनागढ़ के जगद्गुरु शंकराचार्य गुजरात पीठाधीश्वर स्वामी महेन्द्रनंद गिरि महराज और जूना अखाड़ा की जूनागढ़ की महामंडलेश्वर स्वामी जय अम्बे गिरि महराज ने किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी द्वारा सनातन धर्म के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## फूलपुर के अधिवक्ताओं ने सात सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी को भेजा

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर ।** फूलपुर तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता शमीम अहमद सिद्दीकी के नेतृत्व में मंगलवार को तहसील में व्याप्त समस्याओं संबंधी सात सूत्रीय ज्ञापन डीएम प्रयागराज को संबोधित नायब तहसीलदार के मार्फत भेजवाया। जिसमें तहसील में व्याप्त समस्याओं जिसमें तहसील के कर्मचारियों द्वारा लूट खसोट एवं भ्रष्टाचार से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया है । उप जिलाधिकारी के कोर्ट में पत्रावलियों की बोली लगाई जाती है । कथित रूप से धारा 80 की फाइल पर दस हजार प्रति बिस्वा की दर से देने पर ही फाइल पर निर्णय होगा। इसी प्रकार 32/38 एवं 116 व धारा 24 आदि हेतु रेट फिक्स है। तहसीलदार व नायब तहसीलदार कोर्ट नहीं करते। इसलिए तमाम मुकदमे लंबित हैं। धारा 24 की पत्रावलियां भी कई कई वर्षों से लंबित हैं। धारा 116 की फाइलों पर बिना सुविधा शुल्क के बिना कुछ नहीं हो रहा है। तहसील भ्रष्टाचार केंद्र बनकर रह गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में धर्मराज यादव सौरभ यादव एस के पटेल अनिल कुमार सोनी वीरेंद्र प्रताप सिंह आर के पटेल महेश गौतम ए एम केसरी राहुल कुमार मोहम्मद शारिब सद्दाम मोहम्मद इजहार आदि दो दर्जन से अधिक अधिवक्तागण मौजूद रहे।



## दीपक पटेल ने किया ताईकांडों प्रतियोगिता का उद्घाटन कर किया जनसंपर्क



**सबसे तेज प्रयागराज**
**सहसों।** मंगलवार को राज नारायण पांडे पीजी कॉलेज, बेरुई में ताईकांडों टूनामेंट का फूलपुर विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक दीपक पटेल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा निखरती है यही बच्चे आगे चलकर अपने गांव जिले व देश का नाम रोशन करते हैं। इस अवसर पर पीजी कालेज के प्रबंधक देवेन्द्र पांडेय, आदि मौजूद रहे।इसके बाद दीपक पटेल ने अपने समर्थकों व भाजपा कार्यकताओं के साथ लीलापुर कला, कतवारू पुर, सुजनी पुर कला, मलखान पुर, बरयीपुर, रामनाथ पुर,सोनी, रमयीपुर, दलापुर, आदि गांवों में जनसंपर्क कर वोट मांगा मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अश्वनी कुमार द्विवेदी,प्रमुख बहादुर पुर अरुणेंद्र यादव डब्बू, अध्यक्ष अजय पांडेय, अरुण मिश्रा पिंटू नेता, उमेश तिवारी प्रधान द्वारिका कुशवाहा, नवीन पटेल, अविनाश निषाद, गुड्डू राजा आदि मौजूद रहे।

## गाजीपुर पुलिस द्वारा 4 अभियुक्तों को जुआ खेलते हुये नगदी के साथ किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना गाजीपुर पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर 4 अभियुक्तगणों को हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते मय मालफड़ 4500/-रुपए व जामा तलाश 1800/-रुपए व 52 अदद ताश की पत्ते कुल 6300/- रुपए के साथ गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त

जितेंद्र पुत्र शिवसागर निवासी ग्राम धारूपुर थाना राधानगन. दीपक पुत्र आशालाल निवासी ग्राम देवलान थाना गाजीपुर. रामचंद्र रैदास पुत्र शिरोमणि निवासी ग्राम देवलान थाना गाजीपुर. शिवम अवस्थी पुत्र रघुनाथ प्रसाद निवासी ग्राम सरकी थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीमः

प्रमोद कुमार मौर्य थानाध्यक्ष गाजीपुर.उ0नि0 सावन कुमार पटेल.उ0नि0 हेमंत।

## 27वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस जुडो क्लस्टर प्रतियोगिता में जोन के आठ जिले शामिल

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** अन्तर्जनपदीय पुलिस जूडो क्लस्टर (महिला,पुरुष) प्रतियोगिता वर्ष-2024 का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशाम्बी में शुरू हो गया।मंगलवार से शुरू प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को होगा। प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के सभी आठ जनपद प्रयागराज, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कौशाम्बी, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर व महोबा के टीमों के 129 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। सभी टीमों के मैनेजर, कैप्टन तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। टीमों के खिलाड़ियों द्वारा अपने-अपने ध्वज लेकर बैंड की ध्वनि के साथ कदम से कदम मिलाकर मार्च पास्ट किया गया। मार्च पास्ट का नेतृत्व जनपद कौशाम्बी पुलिस की टीम द्वारा किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन,कौशाम्बी अभिषेक सिंह, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर सत्येन्द्र प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी चायल मनोज कुमार सिंह रघुवंशी, प्रतिसार निरीक्षक देवपाल एवं जनपद के अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा समस्त टीमों के कोच, खिलाड़ी उपस्थित रहे।





**जूडो में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम**

आयोजन के पहले दिन मंगलवार को खिलाड़ियों ने दम खम दिखाया। जूडो (66 किलो ग्राम) प्रथम कौशाम्बी, द्वितीय स्थान प्रतापगढ़। जूडो (60 किलो ग्राम में) प्रथम स्थान जनपद फतेहपुर, द्वितीय स्थान जनपद महोबा। जूडो (73 किलो ग्राम में) प्रथम स्थान जनपद प्रयागराज, द्वितीय स्थान जनपद फतेहपुर।

## पुलिस अफसरों ने जूना अखाड़े का लिया जायजा



**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा, मण्डलायुक्त प्रयागराज, पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रयागराज प्रेम गौतम ने मंगलवार को श्री मौजगिरि जूना अखाड़ा का भ्रमण हालात का जायजा लिया। कुम्भ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु यमुना बैंक रोड कीडगंज अन्तर्गत यमुना नदी के तट पर नवनिर्मित रामघाट का भी भ्रमण किया। नवनिर्मित घाट पर जूना अखाड़ा मौजगिरि आश्रम के प्रमुख महंत श्री हरि गिरी महाराज व आश्रम के अन्य साधु-संतों की उपस्थिति में विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।



इस दौरान जूना अखाड़ा मौजगिरि आश्रम के प्रमुख महंत श्री हरि गिरी महाराज के साथ कुम्भ मेला में अखाड़ों के व्यवस्थापन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेला राजेश द्विवेदी व अन्य प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## कूटरचित विवाह प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का भड़फोड़, दो युवक गिरफ्तार

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** पुलिस ने फर्जी विवाह प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। कैंट थाना, एसओजी गंगानगर एवं यमुनानगर की संयुक्त कार्रवाई में इसका खुलासा हुआ है। अभियुक्तों के कब्जे से कंप्यूटर के तीन मॉनिटर, तीन सीपीयू, तीन की - बोर्ड, तीन माउस और दो प्रिंटर बरामद हुए हैं।



गिरफ्तार अभियुक्तों में राजा उर्फ शेषमणि दूबे पुत्र स्व. दिनेश कुमार दूबे निवासी 532/450 शोभनाथ गली पुराना कटरा थाना कर्नलगंज जनपद प्रयागराज, अनिल कुमार प्रजापति पुत्र सीताराम प्रजापति निवासी पटेल नगर चौराहा, पटेल नगर, थाना अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर, हाल पता 205के/9आर आनन्दपुरम कसारी मसारी चकिया थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज हैं। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर को थाना कैण्ट क्षेत्रान्तर्गत हनुमान मन्दिर की सामने वाली गली में स्थित अजय इण्टरप्राइजेज फोटोस्टेट की दुकान से इन दोनों को गिरफ्तार किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या-26077/2024 श्रीमती शिवानी व अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में याचीगण द्वारा संलग्न 'आर्य समाज कृष्ण नगर प्रयागराज 529, केएल कृष्ण नगर कीडगंज प्रयागराज (कैम्प कार्यालय 40/ए/4/ए माधवपुर पटटी, खरकौनी नैनी प्रयागराजह्व द्वारा जारी विवाह प्रमाण पत्र की सत्यता की जांच के क्रम में संस्था के अंकित पते पर पुलिस ने पहुंचकर जांच की तो पता चला कि यह विवाह प्रमाण पत्र कूटरचित है। इस संस्था द्वारा ऐसा कोई भी विवाह प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी और बरामदगी करने वालों में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार, उप निरीक्षक राज कमल यादव, सुरेन्द्र सिंह,भूपेन्द्र यादव, विनय कुमार शुक्ला, छोटेलाल गौड, आशीष चौबे प्रभारी एसओजी नगर, नवीन सिंह, प्रभारी यमुनानगर, हेड कांस्टेबल बृजेन्द्र सिंह, अब्दुल सालिम, अरविंद सिंह, एसओजी नगर,

कांस्टेबल उमेश चन्द्र सरोज, वंशराज यादव, धर्मेन्द्र यादव, अंकित सिंह, सुनील यादव, अरविंद कुमार यादव, शुभम पटेल फिरोज खान, रंजीत यादव, आकाशदीप सिंह, अनुराग यादव, जसवीर सिंह, सिद्धेश्वर पाण्डेय, मनोज यादव, यमुनानगर, हेड कांस्टेबल चालक संजय सिंह, एसओजी नगर कमिश्नरेट प्रयागराज शामिल रहे।

कूटरचित विवाह प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का भड़फोड़, कर दो युवक गिरफ्तार किया गया।
अभिषेक भारती
डीसीपी नगर

## 2025 के महाकुंभ में मुक्त विश्वविद्यालय अपनी भूमिका का निर्वाह करे- राज्यपाल

### मुक्त विश्वविद्यालय युवाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित-जे पी नड्डा । राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का 27 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के 27 वें स्थापना दिवस समारोह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए मंगलवार को कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय शिक्षा रूपी प्रकाश की रश्मि से जीवन को प्रकाशमान करने का कार्य कर रहा है। अभी कुछ दिनों पूर्व हमने दीपावली का पर्व मनाया है । सभी जगह प्रकाश फैलाकर अंधकार को दूर किया है उसी प्रकार हमें शिक्षा का प्रकाश फैला कर अशिक्षा बेरोजगारी एवं अज्ञान का अंधकार मिटाना है।

राज्यपाल श्रीमती पटेल ने कहा कि शिक्षा सभी नागरिकों का मूलभूत अधिकार है। किसी भी देश के विकास का पैमाना वहां के लोगों के शैक्षिक होने की दर है। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो संस्कारित हो और देश प्रेम के सद्गुणों को विकसित करे।

राज्यपाल ने कहा कि 2025 के महाकुंभ में मुक्त विश्वविद्यालय को अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। अभी कुछ दिनों पूर्व अयोध्या में अवध विश्वविद्यालय में बहुत अच्छा कार्य किया।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार जगत प्रकाश नड्डा ने अपना वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि शिक्षा में तकनीक, प्रौद्योगिकी और भारतीय ज्ञान परंपरा के समागम की परिणीति राष्ट्रीय शिक्षा नीति है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम के जरिए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय युवाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार और उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के जरिए अमृत काल में देश का युवा विकसित भारत का निर्माण कर सकता है।

तिलक सभागार में स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में मुक्त विश्वविद्यालय सिर्फ योजनाओं का निर्माण ही नहीं कर रहा है बल्कि नई शिक्षा नीति के अनुरुप योजनाओं एवं शिक्षण प्रक्रिया का क्रियान्वयन भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में शिक्षा आवश्यक है। वर्तमान समय में रोजगार परक एवं कौशल विकास के पाठ्यक्रमों के जरिए जन जन तक उच्च शिक्षा का प्रचार प्रसार आवश्यक है।



विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार श्री अनंत विजय ने कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक एवं भाषाई विरासत पर गर्व करना चाहिए। उच्च शिक्षा की विसंगतियों को दूर करने के लिए वर्तमान में दूरस्थ शिक्षा एक सजग माध्यम है। उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों में सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक तथ्यों के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा के बारे में शिक्षकों को अपने छात्रों को जानकारी देनी चाहिए। श्री विजय ने कहा कि अकादमिक जगत और साहित्य में राष्ट्र, समाज और देश के प्रति दायित्व बोध आवश्यक है।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि दूर शिक्षा विशिष्ट प्रकार की शिक्षा पद्धति है, जो वर्तमान में सर्वाधिक प्रासंगिक है।विश्वविद्यालय का निर्माण इमारतों से नहीं बल्कि शिक्षकों एवं छात्रों से होता है। विश्वविद्यालय तकनीक युक्त नई योजनाओं पर कार्य कर रहा है। एक ओर जहां भारतीय ज्ञान परंपरा स्थानीय भाषाओं और संस्कृति से जुड़े पाठ्यक्रमों का संचालन हो रहा है, वहीं तकनीक स्वास्थ्य पोषण और विज्ञान के क्षेत्र में भी छात्रों को नवीन जानकारियां देने के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि छात्रों और शिक्षकों को आपसी रिश्तो में संवेदनशील और राष्ट्र निर्माण के प्रति सजग होना होगा तभी हम नए मानक स्थापित कर पाएंगे।

उद्घाटन सत्र का संचालन डॉक्टर स्मिता अग्रवाल ने तथा कुलगीत निकेतसिंह ने प्रस्तुत किया। वाचिक स्वागत प्रोफेसर पी के पांडेय तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया।

तकनीकी सत्र में स्थापना दिवस का प्रथम व्याख्यान मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर एम पी दुबे ने दिया। प्रोफेसर दुबे ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा नयापन एवं विविधताओं का मार्ग प्रशस्त करती है। नई शिक्षा नीति की व्यवस्थाओं के अनुरूप मूक्स, कृतिम मेधा और तकनीक का ज्ञान दूरस्थ शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए अति आवश्यक है। प्रोफेसर दुबे ने कहा कि विद्यार्थियों में संज्ञानात्मक ज्ञान, वैज्ञानिकता, रचनात्मकता, जीवन जीने की कला, वर्तमान चुनौतियों से निपट कर एक उज्जवल भविष्य के सपने को साकार करने में दूरस्थ शिक्षा सक्षम है।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय की शिक्षण पद्धति को हमें तकनीक आधारित बनाना है क्योंकि बिना तकनीक के दूरस्थ शिक्षा पद्धति अधूरी है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों को इसके लिए आत्म मंथन करना चाहिए। उन्होंने स्थापना दिवस पर राजर्षि टंडन को स्मरण करते हुए कहा कि जितना बड़ा राजर्षि टंडन जी का नाम है उतनी साख इस विश्वविद्यालय की भी होनी चाहिए। जिसके लिए हम सभी लोगों को मिलजुल कर बेहतर शिक्षा देने का प्रयास करना होगा।

कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर स्मिता अग्रवाल ने तथा विषय प्रवर्तन प्रोफेसर पी के पांडेय ने किया। कुलगीत निकेत सिंह, वाचिक स्वागत डॉ त्रिविक्रम तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। स्थापना दिवस के प्रारंभ में अतिथियों ने राजर्षि टंडन जी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया।

# एलोवेरा-विटामिन ई का कैप्सूल ऐसे लगाएं, मिलेगा कई स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा



**विटामिन ई और एलोवेरा दो ऐसे इनग्रेडिएंट्स हैं जो आपको कई स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा दिला सकते हैं तो चलिए जान लेते हैं इसे लगाने का सही तरीका और क्या मिलेंगे फायदे.**

एलोवेरा ज्यादातर घरों में मिल जाता है और ये एक ऐसा फ्री का इनग्रेडिएंट है जो स्किन के लिए कुदरत के वरदान से कम नहीं है. इसमें मौजूद प्रॉपर्टीज त्वचा को हाइड्रेट करती हैं साथ ही कई स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा दिलाने में भी कारगर हैं. यहां तक कि अगर थोड़ी बहुत स्किन जल जाए तो जलन से भी एलोवेरा तुरंत राहत दिलाने का काम करता है. इसके अलावा विटामिन ई स्किन को हेल्दी बनाए रखने के लिए जरूरी होता है. इसलिए डाइट में विटामिन ई से भरपूर फूड्स को शामिल करने की सलाह दी जाती है. विटामिन ई के कैप्सूल भी आते हैं जो स्किन पर अप्लाई किए जा सकते हैं. एलोवेरा और विटामिन ई का कॉम्बिनेशन स्किन के लिए कमाल होता है.

एलोवेरा की पत्तियां लेकर उसका जेल निकाल लें और इसमें एक विटामिन ई का कैप्सूल एड करें. दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करके चेहरे से गर्दन तक अप्लाई करें. इसके बाद कम से कम 20 से 25 मिनट लगाएं और चेहरा धो लें. इस पैक को रात में लगाने से काफी फायदा मिलेगा. तो चलिए जान लेते हैं कि इससे किन स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा पाया जा सकता है.

डाई स्किन बनेगी स्मूद

एलोवेरा और विटामिन ई के कैप्सूल को मिलाकर हफ्ते में दो बार अप्लाई करने से आपको काफी जल्दी इसका रिजल्ट देखने को मिलेगा. ड्राई स्किन वालों के लिए ये एक बेहतरीन पैक है. सर्दियों के दिनों में भी स्किन में रूखापन बढ़ जाता है. ऐसे में ये पैक स्किन को हाइड्रेट करके मुलायम बनाए रखने में मदद करेगा.

दाग-धब्बों का होगा सफाया

विटामिन ई का कैप्सूल और एलोवेरा जेल मिलाकर लगाने से चेहरे के दाग-धब्बे धीरे-धीरे कम होने लगते हैं. इससे चेहरा क्लीन होता है और साथ ही डलनेस दूर होती है और स्किन पर नेचुरल ग्लो बढ़ने लगता है. इस पैक को आंखों के नीचे लगाने से काले घेरों से छुटकारा भी मिलता है.

डैमेज स्किन रिपेयर होगी

स्किन डैमेज की वजह से चेहरे काफी रूखा और मुरझाया हुआ तो दिखता ही है, इसके अलावा महीन लाइने भी पड़ने लगती हैं. एलोवेरा और विटामिन ई का मिश्रण चेहरे की खोई रौनक लौटाने और त्वचा में कसाव लाने में सहायक है. इससे चेहरे की खोई चमक लौट आती है और स्किन यंग नजर आती है.

पिंपल का होगा सफाया

विटामिन ई और एलोवेरा का पैक लगाने से चेहरे पर होने वाली पिंपल्स की समस्या से भी निजात मिलती है. इसके अलावा स्किन पर होने वाले रैशेज, खुजली और जलन आदि समस्याओं से भी ये दो इनग्रेडिएंट छुटकारा दिलाने में कारगर हैं.

# नेहरू का साइंटिफिक टेंपर और कमला हैरिस की साइंटिस्ट मां!





अब चाहे वह कमला हैरिस की मां हों या इंग्लैंड के प्रधानमंत्री रहे ऋषि सुनक के पूर्वज सब 2014 के पहले ही भारत में पैदा हुए। और उन्हें आशावाद, प्रगति का वह माहौल मिला कि वे और ज्यादा तरक्की करने के लिए बाहर निकले। और राजनीति के अलावा बहुत सारे दूसरे क्षेत्रों में तो हजारों लोगों ने उच्च स्तर पर काम किया। कर रहे हैं।

भारतीय मूल की कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी ने देर से और सेंकड च्वाइस में अपना उम्मीदवार बनाया। मगर उन्होंने रिपब्लिक डोनाल्ड ट्रंप को उस घबराई स्थिति में पहुंचा दिया कि वह कचरा उठाने वाले की ड्रेस पहनकर कचरे का ट्रक चलाने लगे। अगर कमला हैरिस जीत गई तो यह हो जाएगा वह हो जाएगा कह कर डराने लगे। यह पढ़कर आपको हमारे यहां के लोकसभा चुनाव और उसमें इस तरह के डराने वाले भाषण याद आ सकते हैं। अब पता नहीं ट्रंप हमारी राह पर चले हैं या हम जब ट्रंप का प्रचार करने अमेरिका गए थे चार साल पहले तब उनसे सीख कर आए हैं। बहुत समानता है। ट्रंप भैंस छीन लेंगे की तरह यह भी कह रहे हैं कि तुम्हारा स्टोव छीन लेगी।चुनाव हैं पता नहीं क्या होता है! 5 नबंबर को वोटिंग हो जाएगी। कमला हैरिस ने बहुत टफ फाइट दी है। और इस चुनाव को अमेरिका के इतिहास का सबसे नजदीकी मुकाबला माना जा रहा है। जीत हार का अंतर बहुत कम रहने का अनुमान है। मतदान बैलट पेपर से होता है रिजल्ट आने में समय लगेगा। हालांकि गिनती वोटिंग खत्म होने के तत्काल बाद शुरु हो जाएगी। और 5 नवंबर की रात, 6 की सुबह तक ट्रेंड मालूम चल जाएगा।जो भी हो! लेकिन चुनाव में आखिरी आखिरी तक दिलचस्पी बरकरार है। वोटिंग से ठीक पहले कमला हैरिस ने अपनी मां का एक फोटो ट्वीटर पर डालकर लिखा है 19 साल की उम्र में अकेली अमेरिका आई। उनकी मां श्यामला गोपालन। बस इतना ही। अमेरिकी भारतीयों को एक मैसेज कि कैसे भारत के लोग यहां आकर कामयाब बने। लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से एक मैसेज भारत भी आता है कि कैसे आजादी के बाद से भारत में स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में काम हुआ और यहां की अच्छी पढ़ाई से निकले छात्रों को बाहर विदेशों की यूनिवर्सिटी में जगह मिलीं। और साइंस सहित दूसरे क्षेत्रों में भारतीयों ने देश का नाम रोशन किया। कमला हैरिस की मां साइंटिस्ट थी। बायलोजी में काम था। 1958 में अमेरिका पहुंची थी। यहां कालेज पूरा करने के बाद।यह महत्वपूर्ण है। साइंस और शिक्षा सरकार के द्वारा देने की। आज दोनों चीजें खत्म की जा रही हैं। अंधविश्वास को बढ़वा देकर साइंस को कमजोर किया जा रहा है और प्राइवेट शिक्षा को बढ़ावा देकर मुफ्त और सस्ती मिलने वाली सरकारी शिक्षा को।

लेकिन भारत का नाम विश्व में ऊंचा करने वाले सब यहां से सरकारी शिक्षा प्राप्त करके और विज्ञान चाहे उच्च शिक्षा में नहीं लिया हो मगर वैज्ञानिक चेतना लेकर बाहर गए।नेहरू ने आजादी के बाद अपना पहला भाषण नियति से साक्षात्कार ट्रिस्ट विद डेस्टिनी साइंटिफिक टेंपर को मूल आधार बना कर ही दिया था। आज हमारे प्रधानमंत्री के भाषणों से भक्त और मीडिया बहुत खुश होता है। उनके भाषणों की संख्या भी सब से ज्यादा होगी। मगर नेहरू का वह भाषण दुनिया के बेहतरीन भाषणों में शुमार होता है। विश्व के बड़े नेताओं के बीच उनके ऐतिहासिक भाषणों में ट्रिस्ट विद डेस्टिनी रखा जाता है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर, विंस्टन चर्चिल, महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला जैसे विश्व प्रसिद्ध लोगों के ऐतिहासिक भाषणों में नेहरू का भाषण इसलिए जगह पाता है कि उसमें वे भारतीयों में साइंटिफिक टेंपर वैज्ञानिक मिज़ाज पैदा करने की बात करते हैं। आपको बता दें कि भाजपा संघ के लोग जो सबसे ज्यादा हमला नेहरू पर करते हैं वे इसीलिए करते हैं कि नेहरू भारत में वैज्ञानिक मिज़ाज पैदा करना चाहते थे। यही विज्ञान और वैज्ञानिक समझ अंधविश्वास, झूठ, नफरत, अफवाहों की राह में सबसे बड़ा रोड़ा है। वैज्ञानिक मिज़ाज के बाद नेहरू की जो दूसरी सबसे बड़ी बात संघ भाजपा को तकलीफ देती है वह है उनका यह कहना कि अफवाहें देश की सबसे बड़ी दुश्मन हैं। दक्षिणपंथी, प्रतिक्रियावादी, सांप्रदायिक इन्दिरा गांधी यही कहती थीं इन्हें कि सबसे बड़ा हथियार तो यह अफवाहें ही हैं। पहले जुबानी फैलाते थे। अब दस साल से व्हाट्सएप के जरिए और मीडिया के भी।तो भारत के लोग नेहरू के बनाए उच्च शिक्षा संस्थानों, एम्स, आईआईटी, आईआईएम में पढ़े और बाहर गए। आज तो कहा जा रहा है कि जो हुआ 2014 के बाद हुआ। मगर बाहर जाने वाले तो सब 2014 से पहले पढ़ कर निकले। आज तो विदेशों में तीसरी पीढ़ी है। मगर इन सच्चाइयों पर झूठ का आवरण डालने की कोशिश करते हुए कहा गया कि 2014 से पहले भारत में पैदा होना शर्म की बात थी।अब चाहे वह कमला हैरिस की मां हों या इंग्लैंड के प्रधानमंत्री रहे ऋषि सुनक के पूर्वज सब 2014 के पहले ही भारत में पैदा हुए। और उन्हें आशावाद, प्रगति का वह माहौल मिला कि वे और ज्यादा तरक्की करने के लिए बाहर निकले। और राजनीति के अलावा बहुत सारे दूसरे क्षेत्रों में तो हजारों लोगों ने उच्च स्तर पर काम किया। कर रहे हैं।तो अब अमेरिका में मतदान है। एक दिन है अभी शेष। भारतीय मूल का वोटर वहां दूसरा सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। उनके वोट पर दोनों उम्मीदवारों की निगाहें लगी हुई हैं। और प्रचार यह है कि मोदीजी वहां बहुत लोकप्रिय हैं। तो क्या कोई उनकी यह बात कहकर भारतीयों के वोट ले सकता है कि 2014 से पहले भारत में पैदा होना शर्म की बात थी? सिर्फ अमेरिका में ही नहीं किसी भी देश में रह रहा भारतीय यहां पैदा होना गर्व की बात मानता है। अब उसे उलटी पट्टी पढ़ाई जा रही है। मगर वह जो यहां नेहरू इन्दिरा के बनाए शिक्षण संस्थानों में पढ़कर गया है और उसी से उसने परदेस में अपनी पहचान बनाई है वह क्या इस बात को मानेगा कि जो है 2014 के बाद ही है?कमला हैरिस ने अपनी मां का उल्लेख करके बता दिया कि 47 में नेहरू ने कहा था साइंटिफिक टेंपर और प्राइमरी स्कूल में पढ़ रही उसकी मां उसके बाद साइंस पढ़कर ही 1958 में अकेली अमेरिका जा पहुंची। यह होती है साइंस की ताकत। व्यापक रूप से शिक्षा की ताकत।आज जब प्रधानमंत्री कहते हैं कि मैं उस तरह पैदा नहीं हुआ जैसे सब लोग हुए हैं। अवतरित हुआ हूं। नान बायलॉजिकल। कहते हैं नाले के गैस से चाय बना लो। और ऐसी ही बहुत सारी हवा हवाई। दस बीस तो सबको जबानी याद होंगी।और कोई जरा सा भी रिकार्ड देखकर लिखने लगे तो सौ से ऊपर। बादलों में से जहाज निकाल दो रडार नहीं पकड़ पाएगा। विषय नहीं बदला तो हमें भी याद आती चली जाएंगी। इसलिए कमला हैरिस के अपनी साइंस्टिस्ट मां के अकेले अमेरिका आने का इस समय उल्लेख करने से यह सब याद आया। मां श्यामला गोपालन की दूसरी पीढ़ी ने इतनी तरक्की कर ली अमेरिका में कि आज राष्टपति बनने की दौड़ में हैं।पहली अश्वेत महिला, विदेशी मूल की। आज तक महिला नहीं बनीं अमेरिका में राष्टपति। दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र। और पहली बार कोई करीब है तो वह भारतीय मूल की लड़की। तो भारत के लिए इससे बड़ी गौरव की बात और क्या हो सकती है?प्राउड इंडिया। भारत जो नेहरू ने बनाया था। शिक्षा का जो ढांचा खड़ा किया था। वैज्ञानिक दृष्टिकोण दिया था। और लोगों में नफरत नहीं प्रेम भरा था। मंगलसूत्र लूट लेंगे, भैंस छीन लेंगे का डर नहीं आगे बढ़ने का हौसला भरा था उसी का परिणाम है .

## संपादकीय
# मोदी की गलतबयानी

किसी भी देश के लिये इससे अधिक शर्मनाक बात और कोई हो नहीं सकती कि उसका नेतृत्व करने वाले व्यक्ति पर मिथ्याभाषी होने का आरोप लगे। उस व्यक्ति के लिये भी यह उतना ही शर्मनाक होगा कि उसे अपनी कोई बात इसलिये वापस लेनी पड़े क्योंकि वह गलत साबित हो जाती है- चाहे वह किसी भी स्वरूप में क्यों न हो! दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में यह भी पहली बार हो रहा है कि प्रधानमंत्री पिछले 10 वर्षों से लगातार गलतबयानी कर रहे हैं, फिर चाहे वह संसद हो या सार्वजनिक सभाएं, चुनावी घोषणापत्र हो या प्रचार रैलियां- नरेन्द्र मोदी इस मामले में अपने उदाहरण स्वयं ही हैं। वे शायद भूल रहे हैं कि एक राष्ट्राध्यक्ष केवल कार्यपालिका प्रमुख नहीं होता वरन वह देश के मूल्यों, आदर्शों एवं नैतिकता का भी संरक्षक होता है। इस मोर्चे पर श्री मोदी ने इसलिये भारत को निराश किया है क्योंकि इस महादेश ने जिन मूल्यों पर चलकर आजादी पाई, यानी सत्य और अहिंसा, वे दोनों ही मटियामेट कर दिये गए हैं।

हिंसा के प्रश्रय के बारे में अनुकूल अवसर पर चर्चा की जा सकती है लेकिन फिलहाल यह प्रसंग इसलिये उठ खड़ा हुआ है क्योंकि नरेन्द्र मोदी के एक बड़े असत्य कथन से देश शर्मसार है। उनकी भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और कार्यकर्ता-समर्थक लज्जित हैं या नहीं- यह तो वे ही जानें। मामला है मोदी द्वारा अपने ही एक ट्वीट को डिलीट करना जो उन्होंने प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के एक भाषण को सन्दर्भ बनाकर पोस्ट किया था। हाल ही में खरगे ने सलाह दी थी कि सरकारों को वे ही वादे करने चाहिये जो वे पूरा कर सकें। हमले का अवसर मानकर अपने एक्स हैंडल पर तत्काल मोदी ने इस आशय का ट्वीट किया कि कांग्रेस की सरकारें झूठे वायदे करती है। उन्होंने कांग्रेस शासित राज्यों के हवाले से कहा कि कांग्रेस की गारंटियां झूठी हैं और इन राज्यों की हालत बहुत खराब है। यह ट्वीट कर मोदी ने मानो बर्र के छत्ते में हाथ डाल दिया। इसका प्रत्युत्तर कांग्रेस के नेताओं ने देकर मोदी को इतना मजबूर कर दिया कि उन्हें एक्स पर से वह ट्वीट हटाना पड़ा।कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मोदी पर तंज कसा कि वे फिर से चुनावी मोड में आ गये हैं। खेड़ा ने बताया कि कर्नाटक सरकार ने पांच की पांच गारंटियां लागू कर दी हैं जबकि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा किये गये 10 में से पांच वायदे पूरे हो चुके हैं। वहीं तेलंगाना सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड स्वयं केन्द्र को भेज चुकी है। कांग्रेस नेता यहीं तक नहीं रूके। उन्होंने मोदी से पूछ लिया कि अब वे बतायें कि उनके द्वारा किये गये कितने वादे पूरे हुए हैं। खेड़ा ने व्यंग्य किया कि %लगता है मोदी अपने ट्रोल्स के फॉलोअर बन गये हैं परन्तु वे (ट्रोल्स) भी इतने खराब पोस्ट नहीं करते कि उन्हें अपने ट्वीट्स हटाने पड़ें।% मोदी को मशरूम छोड़कर बादाम खाने की सलाह देते हुए खेड़ा ने कहा कि इससे उन्हें अपने वादे याद आ जायेंगे। उन्होंने मोदी को 100 स्मार्ट सिटी, नमामि गंगा, महिला सुरक्षा, रुपये व पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों को लेकर किये गये वादों की याद भी दिलाई।कांग्रेस पर वादाखिलाफी का ट्वीट करने तथा उसे डिलीट करने को लेकर स्वयं खरगे ने मोदी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि %झूठ, छ्ल, जालसाजी, लूट और प्रचार% मोदी एवं उनकी सरकार को परिभाषित करते हैं। खरगे ने कहा कि 100 दिन के भीतर वादे पूरा करना मोदी का जुमला साबित हुआ है। इसके साथ ही कांग्रेसाध्यक्ष ने कहा कि इसी वर्ष की 16 मई को मोदी ने कहा था कि 2047 के लिये रोडमैप हेतु 20 लाख लोगों से इनपुट लिये गये थे। प्रधानमंत्री कार्यालय से जब सूचना के अधिकार के तहत इस बाबत जानकारी मांगी गई तो मोदी की वह बात भी झूठ साबित हुई है।श्री मोदी ने सत्ता में आने के लिये अनेक ऐसी मनगढ़ंत बातें गढ़ी, जिन्होंने उन्हें गद्दी तक पहुंचाया। अब वे उसे बचाये रखने तथा लम्बे समय तक शासन करने के लिये अनेकानेक तरह के असत्यों का सहारा लेते हैं। खुद की छवि गढ़ने के लिये कभी वे खुद को चाय बेचने वाले गरीब बालक के रूप में प्रस्तुत करते हैं, तो कभी वे अपने को बहादुर बतलाने के लिये गांव के उस तालाब में तैरकर मंदिर का झंडा बदलने की बात करते है जो उस समय मगरमच्छों से भरा था।

# दो में से क्या तुम्हें चाहिए मोहब्बत, या खौफ और नफरत

प्रसंगवश हमें राष्टपिता याद आते हैं, जिन्होंने कहा था कि यदि कोई तुम्हें एक गाल पर तमाचा मारे तो तुम दूसरा गाल सामने कर दो। मैत्री और प्रेम गांधीजी की भारतीय राष्ट्रवाद की विचारधारा के दो अहम भाग थे लेकिन हिंदू राष्ट्रवाद हिंसा और नफरत भड़काकर इसके ठीक विपरीत दिशा में काम कर रहा है। मैत्री में कमी और नफरत में बढ़ोतरी की यह प्रक्रिया साम्प्रदायिक राष्ट्रवाद की राजनीति के समानांतर चलती रही है।

भारत के औपनिवेशिक विरोधी संघर्ष के दौरान कई तरह के सकारात्मक सामाजिक बदलाव आए. इनमें से एक था %हिन्दू-मुस्लिम एकता% और सभी धर्मों के लोगों की भारतीय के रूप में एक समग्र पहचान का उदय. औपनिवेशिकता-विरोधी राष्ट्रवादी विचारधारा ने इसे प्रोत्साहित किया और इसके सर्वोत्तम प्रतीक थे महात्मा गांधी, जिन्होंने इसकी खातिर अपने खुले सीने पर तीन गोलियों का वार झेला. उन्होंने लिखा था, %हमें केवल समझौता नहीं चाहिए, हमें चाहिए दिलों का मेल जो इस असंदिग्ध सोच पर आधारित हो कि भारत के हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच अटूट एकता के बिना स्वराज कभी न हासिल हो सकने वाला एक सपना बना रहेगा। हिन्दुओं और मुसलमानों में केवल युद्धविराम से काम चलने वाला नहीं है। दोनों के बीच शांति, परस्पर समय पर आधारित नहीं होनी चाहिए. यह एक बराबर लोगों के बीच भागीदारी होनी चाहिए, जिसमें दोनों एक दूसरे के धर्मों का सम्मान करें%।

इसके ठीक विपरीत, धर्म के मुखौटा पहने राष्ट्रवादी होने का दावा करने वाली शक्तियां न केवल उपनिवेश विरोधी संघर्ष में शामिल नहीं हुई वरन् उन्होंने घृणा और विभाजन के बीज बोए और उन्हें खाद-पानी दिया. आरएसएस के द्वितीय सरसंघचालक गोलवलकर ने लिखा, %जर्मन नस्ल का गौरव आजकल चर्चा का विषय है। अपनी नस्ल की शुद्धता और संस्कृति कायम रखने के लिए जर्मनी ने दुनिया को चौंकाते हुए देश से यहूदियों का सफाया कर दिया। यहां अपनी नस्ल का आत्मगौरव की सर्वोच्च भावना प्रदर्शित की गई। जर्मनी ने हमें यह भी दिखाया कि कैसे मूलभूत मतभेदों वाली नस्लों और संस्कृतियों का मिलन लगभग असंभव होता है, यह हिंदुस्तान के लिए एक समझने वाली और इससे लाभान्वित होने वाली बात है% (व्ही, ऑर अवर नेशनहुड डिफाइंड, भारत पब्लिकेशन, नागपुर, 1939)। इसी सोच के चलते आरएसएस ने भारत में मुसलमानों और ईसाईयों के विरूद्ध घृणा फैलाने का अभियान चलाया।

यह अभियान कई दशकों तक अधिक जोर नहीं पकड़ सका लेकिन वर्तमान समय में यह आम सामाजिक सोच का अहम् हिस्सा बनकर उभरा है, जिसके नतीजे में मुस्लिम-विरोधी हिंसा, उन्हें डराने, उनकी लिंचिंग करने और कई अन्य तरीकों से उन्हें सताने और नुकसान पहुंचाने का अंतहीन सिलसिला जारी है। इसके चलते समाज में वे अलग-थलग होकर सीमित दायरों में सिमट गए हैं और उनके दूसरे दर्जे का नागरिक बन जाने के हालात उत्पन्न हो गए हैं. यह प्रक्रिया अभी भी जारी है और भाजपा-आरएसएस के कई नेता नए-नए तरीके खोज कर घृणा को और गहरा करने में जुटे हुए हैं। वे जुबान पर आसानी से चढ़ने वाले नारों का इस्तेमाल कर मुसलमानों का दानवीकरण कर रहे हैं। %उन्हें उनके कपड़ों से पहचाना जा सकता है, श्मशान-कब्रिस्तान और विभिन्न प्रकार के जिहादों की बात- वोट जिहाद जिनमें सबसे ताजा है - आदि-आदि के एक लंबी सूची है। ऊपर से उसके दो शीर्षस्थ नेताओं ने वर्तमान दौर में इस प्रक्रिया को शिखर पर पहुंचा दिया है।इनमें से एक हैं- गिरिराज सिंह, जो नफरत फैलाने वाले गिरोह के प्रमुख नेताओं में से एक हैं. हाल में उन्होंने कहा, %यदि एक मुस्लिम/घुसपैठिया तुम्हें एक तमाचा मारे, तो सबको मिलकर उसे 100 तमाचे मारने चाहिए...घर में एक तलवार, एक भाला और एक त्रिशूल रखो, उसकी पूजा करो, और यदि कोई आए, तो उससे अपनी रक्षा के लिए इनका इस्तेमाल करो...प्रसंगवश हमें राष्टपिता याद आते हैं, जिन्होंने कहा था कि यदि कोई तुम्हें एक गाल पर तमाचा मारे तो तुम दूसरा गाल सामने कर दो। मैत्री और प्रेम गांधीजी की भारतीय राष्ट्रवाद की विचारधारा के दो अहम भाग थे लेकिन हिंदू राष्ट्रवाद हिंसा और नफरत भड़काकर इसके ठीक विपरीत दिशा में काम कर रहा है। मैत्री में कमी और नफरत में बढ़ोतरी की यह प्रक्रिया साम्प्रदायिक राष्ट्रवाद की राजनीति के समानांतर चलती रही है, विशेषकर बाबरी मस्जिद के ढहाए जाने और उसके बाद चलाए गए कई विभाजक अभियानों के दौरान। केन्द्र में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से आरएसएस से जुड़े विभिन्न संगठनों और विभाजक राष्ट्रवाद के मैदानी कार्यकताओं को यह लगने लगा कि वे बिना किसी डर के मनमानी कर सकते हैं।लगभग इसी समय समाज को विभाजित करने वाले एक और नेता योगी आदित्यनाथ, जो बुलडोजर (अ)न्याय के प्रणेता हैं, ने भी %बटेंगे तो कटेंगे% का नारा बुलंद किया है जिसका अर्थ है कि यदि हिंदू बंटे तो उनका कत्लेआम कर दिया जाएगा। इस नारे के कई आयाम हैं और हिंदू राष्ट्रवाद के शीर्षस्थ संगठन ने इसे अनुमोदित कर दिया है। %राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शनिवार (26 अक्टूबर, 2024) को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विवादस्पद टिप्पणी - %बटेंगे तो कटेंगे% जिसके जरिए उन्होंने दावा किया कि यदि हिंदू बंटे तो मारे जाएंगे, का समर्थन कर दिया। आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि- हिंदुओं की एकता का आह्वान करने वाला यह नारा हमेशा से संघ का संकल्प रहा है।



इसके कई पहलू हैं। पहला यह कि आरएसएस के रणनीतिकार यह मानते हैं कि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के कमजोर प्रदर्शन की वजह यह थी कि दलित मतदाताओं का झुकाव इंडिया गठबंधन की ओर हो गया था जो सामाजिक न्याय की अवधारणा के पक्ष में दृढ़ता से खड़ा था और जिसने जाति आधारित जनगणना का समर्थन किया था। लेकिन यदि दलित और अन्य पिछड़े वर्ग इंडिया गठबंधन के साथ हो लेते हैं तो हिंदुओं का कत्लेआम किसके द्वारा किया जाएगा? इस नारे के अनुसार ऐसा मुसलमान करेंगे। लेकिन, इसके विपरीत पिछले 75 सालों से तो उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। संघ परिवार यहां 2024 में हुए जनांदोलन के बाद बांग्लादेश में हुई हिंदुओं की दुदर्शा का अप्रासंगिक मुद्दा भी उठा सकता है। पाकिस्तान तो हिंदुओं की दुर्दशा का ढोल पीटने के लिए हमेशा से एक सदाबहार उदाहरण रहा ही है।सभी भारतीयों का एक होना स्वतंत्रता आंदोलन का मुख्य बिंदु था। उपनिवेश विरोधी संघर्ष में भारतीयता हमारी एकता का प्रमुख आधार थी जो हमारे संविधान में भी प्रतिबिंबित होता है। 20वीं सदी के महानतम हिंदू, गांधी ने कभी हिंदुओं की एकता की बात नहीं कही। न ही मौलाना आजाद और खान अब्दुल गफ्फार खान ने कभी मुसलमानों की एकता का आह्वान किया।भाजपा को %कतार में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति% के भले की कोई चिंता नहीं है। उसकी विचारधारा, क्रियाकलाप और बातें सभी एकताबद्ध भारत के विपरीत हैं। वह राहुल गांधी (आरजी) की %मोहब्बत की दुकान% वाली बात का मखौल बनाती है और राहुल गांधी के आरएसएस के नेताओं से मुलाकात न करने पर सवाल उठाती है। पलटकर यह सवाल किया जा सकता है कि आरएसएस क्यों आरजी से मिलना चाहती है? आरएसएस जानता है कि उसकी राजनीति नफरत (मुसलमानों, ईसाईयों और हिंदू राष्ट्रवाद के विरोधियों के प्रति) पर आधारित है, वहीं आरजी भारत के प्रेम और मैत्री के राष्ट्रीय चरित्र में प्राण फूंकने का प्रयास कर रहे हैं, जिन पर हमारे संविधान में जोर दिया गया है।आखिर राहुल गांधी की उन विचारकों से मुलाकात करने में दिलचस्पी क्यों होगी जिनके विचारों के खिलाफ वे अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं?यदि आरएसएस चाहता है कि राहुल गांधी उनसे मिलें, तो उसे अपनी विभाजक विचारधारा में आमूलचूल बदलाव करना पड़ेगा और भारतीय संविधान के मूल्यों को अपनाना पड़ेगा, जिसके केन्द्रीय मूल्य हैं भारतीय के रूप में हमारी आपसी एकता और धर्म की सीमाओं के परे आपसी भाईचारा।

# भगवान भास्कर के दरबार में पहुंचे भोजपुरी गायक पवन सिंह, किया पूजा अर्चना

**सबसे तेज प्रयागराज**
**देव, औरंगाबाद** । जिले के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक सूर्य मंदिर देव में कार्तिक छठ मेला की तैयारी को लेकर युद्ध स्तर प्रशासनिक कार्यवाइ का दौर निरंतर जारी है ।वहीं कल से आस्था के महापर्व की शुरूआत नहाय खाय से प्रारंभ हो जाएगी । सूर्य नगरी देव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आज से ही दिखाई दे रही है । इसी बीच आज सोमवार को भोजपुरी स्टार गायक पवन सिंह अपने दल बल के साथ सूर्य नगरी देव पहुंचे ।पवन सिंह को देखने के लिए दोपहर से ही उनके फॉलोवर की भारी भीड़ सूर्य मंदिर के नजदीक पहले से मौजूद थी।पवन सिंह ने भगवान सूर्य के मंदिर में पहुंचकर भगवान का दर्शन पूजन किया ।



मंदिर के गर्भगृह में आम नागरिकों के पहुंच से भगवान को दूर रखने के लिए बांस का ब्रेकेटिंग किया गया है।पवन सिंह अपने समर्थकों के साथ बांस के ऊपर से पार होकर गर्भगृह पहुंचे जहां पहले से मौजूद मंदिर के मुख्य पुजारी राजेश पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना संपन्न कराया।

पूजा अर्चना के बाद पवन सिंह ने सूर्य मंदिर के पास अपने हजारों समर्थकों को अभिवादन किया। इस दौरान पवन सिंह ने कहा कि जल्द ही देव सूर्य मंदिर पर एक नया गाना आएगा ।इस दौरान देव थानाध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिसमें एसआई सूरज कुमार, एसआई राहुल कुमार, एसआई नीतीश कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## बस की छत पर रखे बैग से जेवरात की चोरी

**सबसे तेज प्रयागराज**
**दाउदनगर।** अनुग्रह नारायण रोड से बस से आने के दौरान बस की छत पर रखे बैग से उचक्कों ने लगभग डेढ़ लाख रुपये का जेवरात चुरा लिया। पीड़ित व्यक्ति खुदवां थाना के गैनी निवासी राज कुमार द्वारा थाना में घटना से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसमें कहा गया है कि वह रविवार को सुबह 7:40 में अपने पूरे परिवार के साथ अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर से दाउदनगर आने के लिए एक बस पर सवार हुए। एजेंट द्वारा बोला गया कि बैग को बस के छत पर रखवाना है तो उनके द्वारा कहा गया की छत पर उनका सामान मत रखवाइए। इधर-उधर होने का डर है।

बस एजेंट द्वारा आश्वासन दिया गया कि सामान को ऊपर रखवा दिया गया है और ऊपर में कोई नहीं बैठेगा क्योंकि अब चेकिंग चलता है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार ओबरा बाजार के पास चार लोग बस की छत पर बैठ गए और दाउदनगर पहुंचे तो अपना सामान उतारने के लिए ऊपर चढ़े थे तो देखे कि बैग का ताला तोड़कर और बैग फाड़ कर उसमें रखा सोना टीका, सोने का नथिया, चांदी का पायल, कमरधनी, मेहंदी छाला चुरा लिया गया है।वहां पास बैठे लोगों से पूछताछ किया गया तो किसी ने कुछ नहीं बताया चार लोगों में से तीन भाग गए और एक को पकड़ लिया गया इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस उसे युवक को पकड़ कर थाना ले आई। थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## छठ घाटों की साफ-सफाई का उपाध्यक्ष ने निरीक्षण किया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**औरंगाबाद।** रफीगंज शहरी क्षेत्र के धावा नदी के काली घाट ,महादेव घाट,बिजली सब स्टेशन स्थित रानी तालाब, हरिश्चंद्र घाट, धावा घाट सहित कई घाटो की साफ-सफाई का निरीक्षण नगर पंचायत उपाध्यक्ष आरती देवी एवं प्रतिनिधी दिलीप कुमार उर्फ कारू प्रसाद ने निरीक्षण किया। शहरी क्षेत्र के सभी घाटो पर नगर पंचायत की ओर साफ-सफाई की जा रही है।

कार्यपालक पदाधिकारी सहाब यहैया एवं प्रतिनिधी कारू प्रसाद ने कहा कि छठव्रतियों की सुविधा के लिये सभी घाटो पर साफ-सफाई अभियान जोरो है । और छठ पूजा समिति के सदस्यो से मिलकर बेहतर सुविधा देने का आश्वासन दिया। और कहा कि खुद भी सक्रिय रहे। इस अवसर पर आजार वीर संघ के सुरेश प्रजापति, मंटू कुमार,अंकू कुमार, सुनील मिस्त्री, सुशील, साकेत कुमार, महादेव घाट छठ पूजा संस्कार सेवा समिति के अरूण चौधरी,महेश चौधरी,उमेश सिंह,नंदलाल प्रसाद,राजू गूप्ता,सोनू ,गोलू एवं आदित्य छठ पूजा समिति के दीपक भारती ,सत्येंद्र प्रसाद,श्रवण कुमार कौशल मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए झड़प मामले में चार गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**
**गोह** । गोह पुलिस ने थाना क्षेत्र के भुरकुण्डा गांव से बीते 1 नवंबर को मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए झड़प मामले में दोनों पक्षों से चार लोगों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय भेज दिया है। थाना अध्यक्ष सुधीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार प्रथम पक्ष के नागेंद्र पासवान उसके पुत्र पंकज कुमार जबकि दूसरे पक्ष से सुनील कुमार व शिवआश्रय राम शामिल हैं।



गौरतलब हो कि इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा 65 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया था। अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। घटना के बाद गांव में अभी शांति कायम है

## रफीगंज में छठ पूजा की तैयारी जोरों पर

**सबसे तेज प्रयागराज**
**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न जगहों पर छठ पूजा की तैयारी काफी जोरो पर चल रही है ।रफीगंज शहरी क्षेत्र के धावा नदी के काली घाट पर आजाद वीर संघ, महादेव घाट पर संस्कार सेवा समिति , रानी तालाब घाट पर आदित्य छठ पूजा समिति, हरिश्चंद्र घाट ,धावा घाट एवं ग्रामीण क्षेत्र के चरकावां उपरीडीह सूर्य तालाब, सिघी बुजूर्ग सूर्य तालाब, कासमा धावा नदी पर सनराइज क्लब ,सरावक ,देवकली के धावा नदी घाट, गोरडीहा के सूर्य तालाब, पौथू, भेटनिया, ईटार, भदवा ,जाखीम,वराही, दनई, बलिगांव ,लटा ,लोहरा,गंभरिया,दूगूल , बलार सहित विभिन्न जगहों के नदी, तालाब, नहर के घाटो पर आयोजको द्वारा साफ-सफाई,ला इटिग, सजावट की जा रही है। आजाद वीर संघ के आयोजक सुरेश प्रजापति ,मंटू कुमार,अशोक प्रसाद, अनिल गौतम , सरोज कुमार सिंह ने बताया कि 35 वर्षों से छठ पूजा के अवसर पर डाबंगला के मैदान मे सूर्य प्रतिमा स्थापित कर विशाल पंडाल एवं मेला लगायी जाती है।आयोजको द्वारा धावा नदी के काली घाट पर साफ-सफाई, लाईटिंग,सजावट की जा रही है।

## शिव समिति रफीगंज द्वारा महाआरती, भंडारा का आयोजन

**राष्ट्रीय शान**
**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज शहर के बाबूगंज अस्पताल रोड स्थित शिव समिति के सदस्यो के द्वारा महाआरती एवं भंडारा का आयोजन किया गया। समीति के अध्यक्ष सोनु कुमार एवं सरोज कुमार सिंह ने बताया बताया कि दिपावली के अवसर पर 1902 से ही मां लक्ष्मी का प्रतिमा स्थापित कर लगातार 122 वषों से पूजा-अर्चना की जा रही है।

## अपहरण का वांछित आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सबसे तेज प्रयागराज**
**हंडिया।** डीसीपी गंगानगर के निर्देश पर हंडिया कोतवाली पुलिस अपहरण के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को मंगलवार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
प्रभारी निरीक्षक हंडिया बृज किशोर गौतम ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर अपहरण के मामले में वांछित अभियुक्त चन्द्रकान्त मिश्रा पुत्र विनय मिश्रा उर्फ लल्लू मिश्रा निवासी ग्राम जगुआसोधा थाना हंडिया जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया।




गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम
प्र0नि0 बृजकिशोर गौतम थाना




हण्डिया.उपनिरीक्षक मणिभूषण शुक्ला थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज ।

### हण्डिया पलिस टीम द्वारा वारण्टी को गिरफ्तार

हंडिया। मंगलवार को हंड़िया पुलिस चेकिंग के दौरान वारंटी चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम मय थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को थाना हण्डिया अंतर्गत क्षेत्र "ग्राम बरौत" से वारण्टी लालचन्द्र पुत्र रामअधार निवासी ग्राम बरौत थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया।

## चोरी के सामान के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस उ०नि० लोकेश कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा कस्बा मोहब्बतपुर पइंसा से ग्रामीणों की मदद से अभियुक्त गुफरान पुत्र हिदायत हुसैन नि० इमामबाड़ा प्रेमनगर थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर को चोरी की 01 जोड़ी पायल (सफेद धातु), 02 अदद बिछिया (सफेद धातु) तथा



घटना में प्रयुक्त 01 अदद लोहे के सब्बल के साथ गिरफ्तार



किया गया।

### वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर संदीपन घाट पुलिस वारंटी की तलाश में एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
थाना संदीपनघाट पुलिस उ०नि० कामता प्रसाद ने वारण्टी अभियुक्त रामप्रताप पुत्र रामऔतार नि० क्यामुद्दीनपुर थाना पूरामुफ्ती जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## गोवर्धन पूजा के अवसर पर बिरहा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**सबसे तेज प्रयागराज**
**हसपुरा** । गोवर्धन पूजा के अवसर पर मलहारा पंचायत के टनकुपी गांव में रविवार की रात बिरहा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गायिका मीरा मूर्ति व गायक ओम प्रकाश दीवाना के बीच शानदार बिरहा मुकाबला का आयोजन हुआ।मंच का संचालन राजू यादव ने किया।गायकों ने हिन्दू-मुस्लिम एक है।

गीत गाकर एकता का बेहतर संदेश दिया।कहा कि रातभर



श्रोताओं ने आंनद उठाया।रातभर श्रोता कार्यक्रम से चिपके रहे।पूर्व मुखिया डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने गोवर्धन पूजा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।उन्होंने कहा कि यह पर्व हमे रक्षा करने का संदेश देता है।कहा कि द्वापर युग मे भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों और जानवरों को इंद्र देव के प्रकोप से बचाने के लिए अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर सबकी रक्षा की थी। तभी से इस पर्वत को पूजनीय माना गया है। कहा कि प्रत्येक वर्ष इसी तिथि पर विधि-विधानों के साथ गोवर्धन पर्वत की पूजा की जाती है।वक्ताओं ने कहा कि गोवर्धन पूजा को अन्नकूट के नाम से भी जाना जाता है जिसका संबंध द्वापर युग से है। यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। प्रकृति और मानव के बीच संबंध का पर्व है गोवर्धन पूजा। सरपंच सत्येंद्र यादव,पूर्व मुखिया रामलखन यादव,चंद्रकांत प्रसाद, सुख देव

## गोवर्धन पूजा के अवसर पर दुगोला का हुआ आयोजन

**सबसे तेज प्रयागराज**
**दाउदनगर।** श्री गोवर्धन पूजा समारोह के अवसर पर शहर के वार्ड संख्या 25 बिगन बिगहा में दुगोला कार्यक्रम का आयोजन रविवार की रात्रि किया गया उद्घाटन ओबरा विधायक ऋषि कुमार, लोजपा( रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रकाश चंद्रा, जिला पर्षद अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेश कुमार यादव ,पूर्व जिला पर्षद उपाध्यक्ष संजय सिंह सोम, अधिवक्ता रामाशीष सिंह आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। व्यास शिव शंकर यादव (धनबाद, झारखंड )और सिरजानंद पांडेय (औरंगाबाद, बिहार )के बीच दुगोला का मुकाबला हुआ।लोजपा(रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रकाश चंद्रा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्देश्य भाईचारा और मनोरंजन दोनों होता है टीम भावना विकसित होती है युवाओं को रचनात्मक कार्य



करने की प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है। विधायक ऋषि कुमार ने कहा कि यह मंच अनेकता में एकता का है ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवा पीढ़ी को संदेश देने का अवसर मिलता है कुछ युवा ड्रग्स की ओर बढ़ रहे हैं,इसे रोकना होगा ऐसी स्थिति प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की भी जवाबदेही बढ़ जाती है और हमें युवाओं को यह संदेश देना चाहिए कि क्षणिक नशे को त्याग कर अपने माता-पिता के चेहरे को अवश्य देखें।

जिला पर्षद अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेश यादव ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अन्याय के खिलाफ न्याय के लिए लड़ा.जिला पार्षद अमरेंद्र उर्फ अरविंद यादव, वार्ड पार्षद चिंटू मिश्रा ,अवकाश प्राप्त शिक्षक रणविजय सिंह, अधिवक्ता बृजनंदन सिंह आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता चितरंजन कुमार उर्फ लीडर व संचालन अधिवक्ता मृत्युंजय कुमार सिंह ने किया।
अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल यादव ,सचिव राजू यादव, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार अकेला, संतोष कुमार, विजय कृष्ण यादव, मुकेश यादव, जितेंद्र यादव, डगल यादव ,लालबाज यादव, विनोद यादव ,सचिन कुमार आदि ने स्वागत किया।

## न्यूज फ्लैश

### पुलिस अधीक्षक ने किया देवकुंड छठ घाट का निरीक्षण



**सबसे तेज प्रयागराज**
**गोह।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने देवकुंड मंदिर परिसर, सहस्त्र धारा कुंड घाट का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सहस्त्र धारा कुंड के साफ सफाई, बिजली की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, व्रतियों के ठहराव स्थल, छठ कुंड में पानी की उपलब्धता, बांस की बैरिकेडिंग, छठ घाट के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगाने आदि सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों व स्थानीय मंदिर समिति को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ताकि किसी भी छठ व्रती को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

वहीं सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समस्त गाइड लाइन फॉलो करने के निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए हैं। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषिराज, स्थानीय थानाध्यक्ष अनंत कुमार के साथ दर्जनों पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड व अंचल के कर्मी मौजूद रहे।

### चोरों ने घर से 5 लाख की समान की किया चोरी

**सबसे तेज प्रयागराज**
**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के भल्लू खैरा गांव में अज्ञात चोरों द्वारा लगभग पांच लाख का सामग्री चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। भल्लू खैरा गांव निवासी देवनंदन यादव के पुत्र विकास कुमार ने बताया कि रविवार की रात हम लोग खाना खाने के बाद सो गए। सुबह लगभग चार बजे उठा तो देखा कि मेरी मां एवं मेरे कमरे की दरवाजा के बाहर से लगा हुआ है।



काफी प्रयास के बाद मेरे रूम की दरवाजा नहीं खुला तो फोन कर आसपास के लोगों को बुलाया।? जिन्होंने मेरे कमरे का दरवाजा खोला। बाहर निकालने के बाद अपने घरों की छानबीन की तो देखा कि मेरे घर में रखें 80 हजार नगद एवं लगभग चार लाख रुपए की सोने चांदी की आभूषण गायब है। खोजबीन किया तो घर से उतर दिशा की ओर 500 मीटर दूरी पर खेत में मेरे पत्नी के आभूषण की डिब्बा तथा अन्य सामग्री फेंका हुआ मिला। इसके बाद डायल कर 112 को इसकी जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस छानबीन में लग गई। थानाध्यक्ष गुरफान अली ने बताया की आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जानकारी अनुसार विकास कुमार के हाल ही में शादी हुई थी। उनकी पत्नी की आभूषण चोरी हुई है।

### 10 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त



**सबसे तेज प्रयागराज**
**गोह।** सोमवार को बन्देया पुलिस ने थाना क्षेत्र के रफीगंज-गोह मुख्य सड़क पर रुकुन्दी शिव मंदिर के समीप 10 लीटर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक ग्रे कलर के अपाची बाइक भी जब्त किया गया है।

पकड़े गए तस्कर की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के नईकी गांव निवासी चितरंजन कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि आगामी पैक्स चुनाव को लेकर लगातार शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत यह कार्रवाई की गई है। वहीं गिरफ्तार कारोबारी को कागजी प्रक्रिया पूरी कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

### सेवा निवृत्ति सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




**सबसे तेज प्रयागराज**
**दाउदनगर।** लिटिल एंजेल्स इंटरनेशनल स्कूल,कृष्णापुरी, पिलछी रोड के सभागार में सेवा निवृति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में पीएचसी दाउदनगर से सेवानिवृत एएनएम शीला सिन्हा को पुष्पमाला, बुके एवम् समस्त परिधान देकर सम्मानित किया गया।बताया गया कि इन्होंने स्वास्थ्य विभाग में 37 वर्षो तक बेहतर कार्य किया और जनसेवार्थ अपना जीवन समर्पित किया।ये ममतामयी नारी शक्ति की साक्षात मूर्ति हैं। समारोह का उद्घाटन काराकाट सांसद राजाराम सिंह ने किया। सनोज सागर के गीत एवं विद्यालय के नन्हे - मुन्हें बच्चों की प्रस्तुति, छठ की झांकी के साथ संगीत दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।
संस्था के निदेशक मोहन शास्त्री, प्रबंध निदेशक डॉ विकाश कुमार, प्राचार्य ओंकार प्रसाद, उप प्राचार्य दीपक कुमार एवं शिक्षकों ने आगत अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

Munjya फेम

# शरवरी वाघ

## के हाथ लगा 360 करोड़ का प्रोजेक्ट, इस एक्ट्रेस का भी लगा जैकपॉट



बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान इंडस्ट्री का नामी चेहरा हैं और उन्हें बॉलीवुड के नवाब के तौर पर जाना जाता है. वे कई फिल्मों का हिस्सा रहे हैं और पिछले कुछ समय से वे अलग-अलग कैरेक्टर्स को एक्सप्लोर कर रहे हैं. सैफ ने यूं तो कई हिट फिल्मों में काम किया है लेकिन अब तक उनके करियर की अगर सबसे सक्सेसफुल फिल्म की बात करें तो वो रेस ही है. रेस एक सफल फ्रेंचाइज है. फिल्म का पहला पार्ट बहुत पसंद किया गया था. इसके दूससे पार्ट ने भी अच्छा कलेक्शन किया था. वहीं रेस 3 में सलमान खान उस मैजिक को दोहरा नहीं पाए थे लेकिन फिल्म मुनाफा कमा ले गई थी. अब अपने करियर की सबसे बड़ी फ्रेंचाइज में सैफ वापसी कर रहे हैं और वे इसमें सलमान खान जैसे सुपरस्टार को रिप्लेस कर रहे हैं. इस फिल्म में लीड एक्ट्रेस कौन होगी इसको लेकर भी नया अपडेट आया है.मौजूदा समय में अगर किन्हीं दो एक्ट्रेस को सबसे ज्यादा फिल्में मिल रही हैं तो वो हैं तृप्ति डिमरी और शरवरी वाघ. अब मुंज्या फिल्म की एक्ट्रेस शरवरी वाघ को एक और फिल्म मिल गई है. अब वे सैफ अली खान के साथ बड़ी फ्रेंचाइज का हिस्सा बन गई हैं. रिपोर्ट में ऐसा सामने आया है लेकिन अभी इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है. दोनों ही एक्ट्रेस काफी टैलेंटेड हैं और मेकर्स इन्हें रेस 4 टीम का हिस्सा बनाने को लेकर काफी एक्साइटेड हैं. बात फाइनल स्टेज पर पहुंच गई है और अब कभी भी इस फिल्म की कास्ट को लेकर कन्फर्मेशन आ सकता है.

**रेस फिल्म फ्रेंचाइज का बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड कैसा रहा है?**

रेस फिल्म की बात करें तो ये फिल्म साल 2008 में आई थी और इसने 103 करोड़ रुपये की कमाई की थी. ये एक रिकॉर्ड था. उस समय किसी भी फिल्म के लिए 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई करना बड़ी बात मानी जाती थी. फिल्म में अक्षय खन्ना भी थे. इसके बाद फिल्म का दूसरा पार्ट आया. ये भी फैंस ने काफी पसंद किया. दूसरा पार्ट 2013 में आया था और इस फिल्म ने 180 करोड़ रुपये की कमाई की थी. ये आंकड़े भी शानदार थे और फिल्म को अपने पहले इंस्टालमेंट की सक्सेस का फायदा मिला था.

# अमिताभ बच्चन

## की वो बात जो वरुण धवन जिंदगी भर याद रखेंगे



बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन अपनी आने वाली सीरीज Citadel:Honey Bunny को लेकर सुर्खियों में हैं. वरुण के साथ इस सीरीज में समांथा रुथ प्रभु भी नजर आने वाली हैं. सीरीज का एक्शन पैकड ट्रेलर सामने आने के बाद से लोगों को इसका काफी इंतजार है. सीरीज के ट्रेलर में वरुण और समांथा दमदार एक्शन करते नजर आ रहे हैं. सीरीज को राज और डीके ने डायरेक्ट किया है. अब सिटाडेल- हनी बनी के प्रमोशन के लिए वरुण अमिताभ बच्चन के शो केबीसी पर पहुंचे.

कौन बनेगा करोड़पति के 16वें सीजन को लोग काफी पसंद कर रहे हैं. सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे सोनी टीवी पर टेलिकास्ट होने वाले इस शो में कई सेलिब्रिटी आए हैं. आने वाला एपिसोड दिवाली स्पेशल होने वाला है ऐसे में इस बार एपिसोड में वरुण धवन, निर्देशक राज और डीके के साथ केबीसी के मंच पर दिवाली मनाते नजर आएं गे. साथ ही वरुण ने अमिताभ से कुछ पेरेंटिंग टिप्स भी लिए.

**सामने आया एपिसोड का प्रोमो**

सोनी चैनल के सोशल मीडिया हैंडल पर प्रोमो ने पहले ही दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता पैदा कर दी है. इस एपिसोड में वरुण धवन और अमिताभ बच्चन जमकर मस्ती करते नजर आ रहे हैं. इस दौरान वरुण, बिग बी से अपने निजी जीवन और पिता बनने की खुशियों के बारे में दिलचस्प बातचीत करते नजर आएंगे. वरुण और उनकी पत्नी नताशा अभी कुछ महीनो पहले ही एक बेटी के माता-पिता बने हैं, ऐसे में वरुण ने बिग बी से अच्छी पेरेंटिंग टिप्स लीं.

**अमिताभ से वरुण की बातचीत**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमिताभ, वरुण धवन से उनकी बेटी के बारे में पूछते हैं. वो पूछते हैं, ये दिवाली आपके लिए बेहद खास है क्योंकि देवी लक्ष्मी खुद आपके घर आई हैं. क्या आपने उसका नाम सोचा है? वरुण मुस्कुराते हुए जवाब देते हैं, हां, हमने सोचा है, हालांकि हमने अभी तक इसे शेयर नहीं किया है. मैं अभी भी उससे जुड़ना सीख रहा हूं- यह वैसा ही है जैसा आपने कहा कि जब एक बच्चा घर आता है, तो सब कुछ बदल जाता है.

**अमिताभ ने दिए खास टिप्स**

इसके बाद वरुण ने बिग बी से उनके पहली बार पिता बनने के अनुभव के बारे में पूछा. वरुण ने पूछा कि क्या वो उस समय पूरी नींद ले पाते थे या नहीं? वरुण के जवाब में बिग बी ने कहा कि हम सोने में कामयाब रहे, लेकिन हमेशा थोड़ी चिंता बनी रहती थी कि सब ठीक तो है ना. उस समय, एक नया गैजेट आया था, आप इसे बिस्तर के पास रखते थे, और अगर बच्चा थोड़ी सी भी आवाज करता, तो यह हमें बता देता थाज्तो ये गैजेट काम आया! आगे बिग बी ने कहा, यहां एक गोल्डन रूल है कि अपनी पत्नी को खुश रखें. अगर वह खुश हैं, तो बाकी सब ठीक हो जाएगा, और जब वह खुश होंगी, तो आपकी बेटी भी खुश रहेगी.

## दिलजीत दोसांझ पर भद्दे कमेंट करने वाले इस इन्फ्लुएंसर को अदनान सामी ने धो डाला



हाल ही में पंजाबी एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ अपने कॉन्सर्ट के लिए दिल्ली आए थे. उनका कॉन्सर्ट 'दी-लूमिनाती' लोगों को काफी पसंद आया था. जो-जो कॉन्सर्ट में गएज्जमकर नाचे. इतना नाचे की अगले दिन जेएलएन स्टेडियम जहां ये कॉन्सर्ट हुआ था, वहां का नजारा देखने लायक था. कई कुर्सियां टूटी पड़ी थीं, कई जगह सड़ा हुआ खाना पड़ा था. हालत इतनी खराबह थी कि कॉन्सर्ट दिलजीत के लिए कम और कॉन्सर्ट के बाद के हालातों के चक्कर में ज्यादा याद रखा जाएगा. खैरज्ब्रिटिश-अमेरिकी इन्फ्लुएंसर एंड्रयू टेट ने एक रेसिस्ट कमेंट किया.ब्रिटिश-अमेरिकी इन्फ्लुएंसर एंड्रयू टेट ने एक रेसिस्ट कमेंट किया. दिलजीत के इस कॉन्सर्ट के बाद कई तरह के विवाद खड़े हो गए हैं. ऐसा ही एक विवाद सोशल मीडिया पर सामने आया.सिंगर दिलजीत के कॉन्सर्ट में आए लोग उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब थे, लेकिन एक कपल ऐसा था जिसको केवल दिलजीत की झलक ही नहीं बल्कि उनकी जैकेट भी मिल गई. कॉन्सर्ट में शामिल सबके लिए ये रात बेहद खास थी क्योंकि उनके सामने उनका फेवरेट सिंगर परफॉर्म कर रहा था, पर एक महिला के लिए ये रात सबसे स्पेशल साबित हुई क्योंकि दिलजीत ने परफॉर्म करते हुए अपनी जैकेट उस महिला को गिफ्ट कर दी. दिलजीत के इस जेस्चर से जितना खुश वो महिला नहीं हुई, उससे कहीं ज्यादा उनके पति हो गए.

**एंड्रयू टेट का रेसिस्ट कमेंट**

दिलजीत की जैकेट पाकर महिला का पति फूट-फूटकर रोने लगा. ये क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गई. क्लिप वायरल हुई तो लोग बाते करने लगे. लोगों ने कहा कि शायद कॉन्सर्ट के सारे पैसे वापस मिल गए. इन्हीं कमेंट के बीच एक ऐसा कमेंट था जिसने हर किसी को चौंका दिया. दिलजीत के इस वीडियो पर ब्रिटिश-अमेरिकी इन्फ्लुएंसर एंड्रयू टेट ने एक रेसिस्ट कमेंट किया. उनके इस तरह के कमेंट पर सिंगर अदनान सामी ने उन्हें करारा जवाब दिया है.

**अदनान सामी का करारा जवाब**

टेट ने अपने कमेंट में लिखा, 'मैं शर्त लगा सकता हूं कि इस जैकेट से करी की बदबू आ रही होगी'. वो यहीं नहीं रुके, आगे उन्होंने तंज भरे अंदाज में लिखा 'ऑडियंस में कोई भी रेपिस्ट तो नहीं?' उनके इस भद्दे कमेंट पर सिंगर अदनान सामी ने उनको तगड़ा जवाब दिया. अदनान ने कहा, 'गलतज्इस जैकेट से केवल प्यार कि खुशबू आती है और सबसे अच्छी बात ये है कि ऑडियंस में से कोई भी आपकी तरह रेपिस्ट और चाइल्ड ट्रैफिकिंग का आरोपी नहीं है या फिर अपराधी नहीं है जो वाकई एक खराब बात है'. बात करें एंड्रयू टेट कि तो एंड्रयू ब्रिटिश-अमेरिकी इन्फ्लुएंसर हैं जिनपर बलात्कार, मानव तस्करी और महिलाओं का यौन शोषण करने के लिए ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप बनाने का आरोप है.

## 8 स्टार्स वाली 'सिंघम अगेन' कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' को मात नहीं दे पाई, विदेशी कमाई ने उड़ाए होश



'भूल भुलैया 3' और 'सिंघम अगेन' के बीच क्लैश का बज़ लंबे वक्त से बना हुआ था. ज्यादातर ट्रेड पंडितों का मानना था कि 'सिंघम अगेन' 'भूल भुलैया 3' पर भारी पड़ेगी. घरेलू बॉक्स ऑफिस पर तो 8 स्टार्स वाली अजय देवगन की फिल्म ने कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' से कुछ करोड़ ज्यादा का कारोबार करने में कामयाबी हासिल कर ली, लेकिन विदेशों में ऐसा नहीं हो पाया है.सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक ओवरसीज बॉक्स ऑफिस पर 'सिंघम अगेन' और 'भूल भुलैया 3', दोनों ने ही लगभग एक जैसा कारोबार किया है. दोनों ही फिल्मों ने करीब 30 करोड़ रुपये का बिज़नेस किया है. पर ये आंकड़े चौंकाने वाले हैं, क्योंकि 'सिंघम अगेन' में जिस तरह की स्टारकास्ट है, उससे साफ था कि घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ ओवरसीज़ में भी अजय की फिल्म कार्तिक की पिक्चर से आगे रहेगी. पर ऐसा हो नहीं सका है.

**'सिंघम अगेन' और 'भूल भुलैया 3' वर्ल्डलाइड कलेक्शन**

'सिंघम अगेन' ने पहले वीकेंड पर दुनियाभर में 176.10 करोड़ रुपये (ग्रॉस) का कारोबार किया है. वहीं 'भूल भुलैया 3' 157.20 करोड़ रुपये (ग्रॉस) का बिज़नेस करने में कामयाब रही है. कुल मिलाकर इन दो फिल्मों ने तीन दिनों में वर्ल्डवाइड 325 करोड़ रुपये बटोरे हैं.

**घरेलू बॉक्स ऑफिस पर किसने कितने कमाए**

रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर पहले वीकेंड में 121.75 करोड़ रुपये (नेट) का कारोबार किया है. वहीं अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी हॉरर-कॉमेडी 'भूल भुलैया 3' ने 106 करोड़ (नेट) कमाए हैं.सिंघम अगेन में सितारों की भरमार है. इसमें अजय देवगन के अलावा अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ और जैसी श्रॉफ जैसे स्टार्स हैं. फिल्म में अर्जुन कपूर विलेन के रोल में हैं. वहीं 'भूल भुलैया 3' में कार्तिक आर्यन के अलावा विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी, राजपाल यादव, संजय मिश्रा और विजय राज जैसे सितारे दिखाई दिए हैं.

## आईपीएल 2025 : रियाद में 24, 25 नवंबर को हो सकती है मेगा नीलामी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के रियाद में होने की उम्मीद है। हालाँकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आधिकारिक तौर पर स्थान या तारीखों की पुष्टि नहीं की है, लेकिन सूत्रों के अनुसार अंतिम व्यवस्थाएँ प्रगति पर हैं और जल्द ही घोषणा की जा सकती है।पिछली नीलामी एक दिवसीय थी, जो दुबई में आयोजित की गई थी। जिसमें दो महत्वपूर्ण सुर्खियाँ मिशेल स्टार्क को कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा 24.75 करोड़ रुपये में और पैट कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा 20.50 करोड़ रुपये में खरीदना था।2022 की पिछली मेगा नीलामी में, ईशान किशन पर सबसे अधिक बोली लगाई गई थी, जिसमें मुंबई इंडियंस ने उन्हें 15.25 करोड़ रुपये में हासिल किया था।

## फज़ल अत्राचली ने की रेडर मनिंदर की तारीफ, कहा-उनका समर्पण उन्हें अलग बनाता है

**हैदराबाद।** बंगाल वॉरियर्स के कप्तान फज़ल अत्राचली ने रविवार, 3 नवंबर को हरियाणा स्टीलर्स पर 40-38 से मिली शानदार जीत के बाद अपने साथी और स्टार रेडर मनिंदर सिंह की जमकर तारीफ की। मनिंदर ने हरियाणा के खिलाफ 12 अंक बनाए और अपनी टीम के आक्रमण का नेतृत्व किया। मैच के बाद अत्राचली ने कहा, मनिंदर को जो चीज़ अलग बनाती है, वह है उनकी प्रतिबद्धता। अपने दशक भर के अनुभव में, मैंने कई अनुभवी खिलाड़ियों को अभ्यास छोड़ने की कोशिश करते देखा है, लेकिन उन्हें नहीं। वह किसी और की तुलना में अधिक प्रयास करते हैं, और हमेशा जिम, प्रशिक्षण और मैचों में अपना 100त्न देते हैं।ईरानी डिफेंडर ने इस बात पर भी जोर दिया कि खिलाड़ियों को इतनी लंबी अवधि तक खेलते देखना कितना दुर्लभ है। उन्होंने कहा, हम कई युवा खिलाड़ियों को देखते हैं, यहाँ तक कि 20 साल के खिलाड़ी भी, जो एक या दो साल के लिए आते हैं और फिर गायब हो जाते हैं। लेकिन मनिंदर की निरंतरता उनकी अथक मेहनत और फिटनेस का परिणाम है। अत्राचली ने टीम के हालिया प्रदर्शन पर कहा, हमारा संयोजन प्रत्येक मैच के साथ बेहतर होता जा रहा है। हमारे पास मनिंदर, सुशील (काम्ब्रेकर) और नितिन जैसे कई मजबूत खिलाड़ी हैं, और हर कोई अलग-अलग खेलों में योगदान देता है - यही बात हमें एक इकाई के रूप में प्रभावी बनाती है।

## सदर्न डार्बी में बेंगलुरू बुल्स ने तमिल थलाइवाज को तीन अंक से हराया

**हैदराबाद।** बेंगलुरू बुल्स ने खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के रोमांचक सदर्न डार्बी में तमिल थलाइवाज को 36-32 से हरा दिया। सात मैचों में बुल्स की यह दूसरी जीत है जबकि थलाइवाज को छह मैचों में दूसरी हार मिली है। आज यहां गाचीबोवली के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में बेंगलुरु बुल्स को मिली इस जीत में डिफेंस का अहम योगदान रहा। बुल्स ने डिफेंस में 16 अंक लिए जबकि रेड में भी उसे इतने ही अंक मिले। उसके लिए सुरेंदर ने हाई-5 लगाया जबकि नितिन ने चार अंक लिए। रेड में अक्षित और अजिंक्य ने 6-6 अंक निकाले। थलाइवाज नरेंदर (6) सबसे सफल रेडर रहे। डिफेंस में साहिल गुलिया और आमिरहुसैन बस्तानी में चार-चार अंक निकाले। बुल्स ने अच्छी शुरुआत करते हुए चार मिनट में 5-2 की बढ़त ले ली। थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन था। डिफेंस ने एक बेहतरीन टैकल के साथ दो अंक हासिल किए और स्कोर 4-5 कर दिया। फिर डिफेंस ने एक अंक लेकर स्कोर बराबर कर दिया। आज बुल्स का रक्षात्मक प्रदर्शन अच्छा कर रहा था। विशाल के डू ओर डाई रेड पर हालांकि उसने प्वाइंट लीक कर दिया। अजिंक्य ने हालांकि अपनी डू ओर डाई रेड पर बोनस लेकर 10 मिनट के खेल के बाद स्कोर 7-7 कर दिया। 12वें मिनट में विशाल के सेल्फ आउट होने के कारण बुल्स को 8-7 की लीड मिल गई। हालांकि पंकज को डू ओर डाई रेड पर आउट आफ बाउंड होने से स्कोर फिर बराबर हो गया। इसी बीच सचिन के डू ओर डाई रेड पर बुल्स का एक डिफेंस आउट आफ बाउंड हुआ और बुल्स सुपर टैकल सिचुएशन में आ गए।

## बाढ़ प्रभावित वेलेंसिया में फुटबॉल मैच स्थगित होना चाहिए: एंसेलोटी



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा है कि बाढ़ प्रभावित वेलेंसिया में होने वाले फुटबॉल मैच स्थगित किया जाना चाहिए। एसी मिलान को भी कोचिंग देने वाले एंसेलोटी ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में वेलेंसिया बाढ़ के बारे में बात करते हुए कहा कि वह मंगलवार के मैच को भी स्थगित करना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा, फुटबॉल एक उत्सव है और जब आपका परिवार ठीक हो, सब कुछ ठीक हो तो आप जश्न मना सकते हैं और पार्टी कर सकते हैं। जब लोग ठीक नहीं होते हैं, तो आपको जश्न नहीं मनाना चाहिए। उन्होंने कहा, फुटबॉल वहां मैच नहीं हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हालांकि एक कहावत है, 'शो चलता रहना चाहिए' लेकिन ऐसा नहीं है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले वेलेंसिया में होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में विकेटकीपिंग करेंगे फिल साल्ट

एजेंसी

**लंदन।** जोस बटलर की इंगिल्श टीम में वापसी के बावजूद फिल साल्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में विकेटकीपिंग करेंगे। सफेद गेंद के कप्तान बटलर ने अपने पिछले 108 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 106 में विकेटकीपिंग किया है, और केवल दो मैचों में क्षेत्ररक्षण किया है जो दिसंबर 2023 में इंग्लैंड के पिछले कैरेबियाई दौरे के दौरान त्रिनिदाद में हुए थे। साल्ट ने तीसरे वनडे से पहले बारबाडोस में कहा, मैंने हाल ही में इंग्लैंड के लिए बहुत ज़्यादा कुछ नहीं किया है, लेकिन मुझे विकेटकीपिंग करना अच्छा लगता है। मुझे लगता है कि मैं टीम को सबसे ज़्यादा योगदान दे सकता हूँ। साल्ट ने इंग्लैंड के लिए सभी फ़ॉर्मेट में खेले गए 59 मैचों में से 13 में विकेटकीपिंग की है और उन्हें मौजूदा वनडे सीरीज़ में जॉर्डन कॉक्स से आगे विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी दी गई है, जो न्यूज़ीलैंड में होने वाली आगामी सीरीज़ में टेस्ट विकेटकीपर जेमी स्मिथ की जगह लेंगे। बटलर पिछले कई महीनों से पिंडली में खिंचाव के कारण बाहर हैं।




अगर वह सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज खेलने के लिए फिट होते, तो साल्ट विकेटकीपिंग करते, क्योंकि बटलर मैदान पर अलग-अलग पोजीशन से कप्तानी करने के लिए प्रयोग करने के लिए उत्सुक हैं। बटलर रविवार को कैरेबियाई पहुंचे और केंसिंग्टन ओवल में ट्रेनिंग की। वह बुधवार को होने वाले निर्णायक वनडे के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं और शनिवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज से पहले कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे, जो जून में टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड की हार के बाद उनकी पहली उपस्थिति होगी। एसेक्स के विकेटकीपर-बल्लेबाज माइकल पेपर, जिन्हें मूल रूप से केवल वनडे टीम के लिए चुना गया था, को टी20 टीम में शामिल किया गया है और वे दौरे के बाकी समय के लिए ग्रुप के साथ रहेंगे।

इस बारे में कि क्या टीम में बनाए रखने का उनका फैसला दीर्घकालिक है, साल्ट ने कहा, हमने आगे बढ़ने के बारे में कोई बातचीत नहीं की है। मैं इस समय ऐसा करके खुश हूं। साल्ट ने पहले दो वनडे में 18 और 59 रन बनाए, जिसमें उनके अर्धशतक ने इंग्लैंड को दूसरे एकदिनी मैच में 329 रन के लक्ष्य का पीछा करने में मदद की। पहले मैच में इंग्लैंड के 209 रन पर आउट होने के बाद, कप्तान लियाम लिविंगस्टोन ने प्रदर्शन की आलोचना करते हुए कहा था कि टीम को अधिक समझदारी से बल्लेबाजी करने की जरूरत है।सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ वनडे सीरीज़ साल्ट के लिए पिछले साल दिसंबर में कैरेबियाई दौरे के बाद 50 ओवर के क्रिकेट का पहला अनुभव था।

## पैराग्लाइडिंग विश्व कप दूसरा दिन: अमेरिका के ऑस्टिन कॉकस सबसे आगे, कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर दूसरे स्थान पर रहे

एजेंसी

**धर्मशाला।** विश्वविख्यात पैराग्लाइडिंग साइट बीड़-बिलिंग में आयोजित किए जा रहे पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन अमेरिका के ऑस्टिन कॉकस 1496 अंक लेकर पहले स्थान पर चल रहे हैं। वहीं कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर 1410 अंक दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। प्रतियोगिता के दौरान पिछले कल रविवार को दूसरे स्थान पर चल रहे पोलैंड के डोमिनिक कैपिका का 1408 अंक लेकर तीसरे स्थान पर चल रहे हैं। उधर महिला वर्ग में पोलैंड की जोना कोक 1202 अंक लेकर पहले स्थान पर चल रही है जबकि ब्राजील की मरीना ओएलएक्सइना 649 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रिया की पोलिना पिर्च 567 अंक लेकर तीसरे स्थान पर चल रही है। प्रतिभागियों को 65 किलोमीटर का लक्ष्य दिया गया था जिसे पूरा करने के बाद सभी प्रतिभागियों ने सुरक्षित लैंडिंग की। दूसरे दिन 23 देशों के 71 प्रतिभागियों ने भरी उड़ान बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के प्रवक्ता अंकित सूद ने बताया कि प्रतिभागियों को एरियल डिस्टेंस के हिसाब से 66 किलोमीटर और लोकेशन के हिसाब से 93 किलोमीटर का डिस्टेंस दिया गया था। प्रतिभागियों को बिलिंग से चौंतड़ा तक 5 किलोमीटर का चौंतड़ा से फुल्लधार तक का 12 किलोमीटर, फुल्लधार से बिलिंग का 16 किलोमीटर, बिलिंग से बंदला का 15 किलोमीटर, बंदला से हनुमानगढ़ 15 किलोमीटर और हनुमानगढ़ से लैंडिंग स्थल बीड़ का 2 किलोमीटर का लक्ष्य दिया गया था। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 23 देशों के 71 प्रतिभागियों ने उड़ान भरी।

## वालेंसिया में बाढ़ के बाद फुटबॉल बंद हो जाना चाहिए : रियल मैड्रिड कोच एंसेलोटी

एजेंसी

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग में एसी मिलान के खिलाफ ताजा मुकाबले में जीत दर्ज की। बाढ़ के कारण वालेंसिया के खिलाफ उनका सप्ताहांत का मैच स्थगित हो गया था। वालेंसिया क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हालांकि कोच कार्लो एंसेलोटी ने स्वीकार किया कि वह मंगलवार के मैच को भी स्थगित देखना चाहते हैं।

अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में, एंसेलोटी, जिन्होंने एसी मिलान को भी कोचिंग दी है, ने वालेंसिया बाढ़ के बारे में बात की और संकेत दिया कि वह मंगलवार के मैच को भी स्थगित करना पसंद करेंगे। एंसेलोटी ने कहा, फुटबॉल एक उत्सव है, और जब सब कुछ ठीक हो, जब आपका परिवार ठीक हो और सब कुछ ठीक हो, तो आप जश्न मना सकते हैं और पार्टी कर सकते हैं। जब लोग ठीक नहीं हैं, तो आपको जश्न नहीं मनाना चाहिए। रियल मैड्रिड को पिछले सप्ताह खेले गए कोपा डेल रे नॉकआउट प्रतियोगिता के पहले दौर से भी छूट दी गई है, इसका मतलब



है कि यह कार्लो एंसेलोटी की टीम का 26 अक्टूबर को क्लासिको में एफसी बार्सिलोना से घरेलू मैदान पर 4-0 की हार के बाद पहला गेम होगा। यह क्लब द्वारा बैलन डीओर के समारोह का बहिष्कार करने के बाद पहला मैच भी है, क्योंकि उसे पता चला था कि विनीसियस जूनियर को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार नहीं मिलने वाला है, बल्कि यह पुरस्कार मैनचेस्टर सिटी के रोड्रिगो हर्नांडेज़ को मिलने वाला है। एंसेलोटी पिछले सप्ताह अपने खिलाड़ियों के साथ काम करने में सफल रहे हैं और वर्तमान में केवल लंबे समय से चोटिल डेविड अलाबा और दानी कार्वाजल ही उपलब्ध नहीं हैं।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड में जाने से पहले एमोरिम ने कहा- गार्डियोला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कोच

एजेंसी

**लिस्बन।** स्पोर्टिंग लिस्बन के कोच रूबेन एमोरिम, जो अगले सप्ताह मैनचेस्टर यूनाइटेड का कार्यभार संभालेंगे, ने मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला को विश्व का सर्वश्रेष्ठ कोच बताया। पुर्तगाली खिताब धारक मंगलवार को चैंपियंस लीग में मैनचेस्टर सिटी का सामना करेंगे, जो स्पोर्टिंग के प्रभारी एमोरिम के अंतिम मैच से पहले होगा। एमोरिम ने स्पोर्ट टीवी से कहा, मैनचेस्टर सिटी के पास दुनिया की सबसे अच्छी टीम और दुनिया का सबसे अच्छा कोच है। मैनचेस्टर सिटी ने 2022 में प्रतियोगिता के अंतिम 16 में स्पोर्टिंग को कुल मिलाकर 5-0 से हराया और एमोरिम ने कहा कि तब से एक कोच के रूप में सुधार के बावजूद, उनके और गार्डियोला के बीच अभी भी एक अंतर है। एमोरिम ने कहा, मुझे लगता है कि मैं अब एक बेहतर कोच हूं, दुर्भाग्य से मुझे लगता है कि पेप गार्डियोला भी एक बेहतर कोच बन गए हैं, इसलिए अंतर



बना हुआ है। पेप गार्डियोला हम में से कई कोचों के साथ-साथ अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत थे।सिटी ने लगातार चार सीज़न प्रीमियर लीग जीती है, रिकॉर्ड 20 बार के इंग्लिश चैंपियन मैनचेस्टर यूनाइटेड ने आखिरी बार 2013 में इसे जीता था, जब मैनेजरियल महान एलेक्स फर्ग्यूसन शीर्ष पर थे। गार्डियोला ने 2023 में सिटी के साथ चैंपियंस लीग जीती और यूनाइटेड के प्रतिद्वंद्वियों को छह लीग जीत दिलाई। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने स्पोर्टिंग को 11 मिलियन यूरो (12 मिलियन डॉलर) का भुगतान किया ताकि यूरोपीय फुटबॉल में सबसे रोमांचक और उच्च श्रेणी के युवा कोचों में से एक को सुरक्षित किया जा सके।

## प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शमी की वापसी का इंतजार बढ़ा, अगले दो रणजी मैचों के लिए बंगाल टीम में नहीं चुना गया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी का इंतजार और बढ़ गया है। उन्हें कर्नाटक और मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के अगले दो राउंड के लिए बंगाल टीम में शामिल नहीं किया गया है। बंगाल एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कर्नाटक से भिड़ेगा, उसके बाद 13 नवंबर को इंदौर में मध्यप्रदेश से भिड़ेगा। शमी से उम्मीद थी कि वह कर्नाटक के खिलाफ मैच खेलकर अपनी फिटनेस को वास्तविक मैच की स्थिति में परखेंगे, क्योंकि उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के हालिया टेस्ट मैच के बाद नेट पर पूरी ताकत से गेंदबाजी की थी, हालांकि उनके पैर पर पट्टी बंधी हुई थी। उस अवसर पर, भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने भी उनकी निगरानी की थी। बाद में शमी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि वह नेट पर 100त्न महसूस कर रहे थे। उनहोंने कहा था, मैं आधे रन-अप के साथ गेंदबाजी कर रहा था क्योंकि मैं अपने शरीर पर बहुत अधिक दबाव नहीं डाल सकता। इसलिए, हमने फैसला किया कि मैं ठीक से गेंदबाजी करूंगा, और मैंने अपना 100त्न दिया। यह बहुत अच्छा लगा, और परिणाम अच्छे हैं। उम्मीद है कि मैं जल्द ही ट्रैक पर वापस आ जाऊंगा। शमी के अलावा बंगाल को सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन, विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल और तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की भी कमी खलेगी, जो ऑस्ट्रेलिया में इंडिया ए टीम के साथ हैं।

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स : शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका सेमीफाइनल में पहुंची

एजेंसी

**नई दिल्ली,।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने चौथी वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी को 6-3, 7-5 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ ही वह पर्पल राउंड-रॉबिन ग्रुप में अपराजित रहीं। 26 वर्षीय खिलाड़ी साल के अंत में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने के कगार पर है। बुधवार को अंतिम ग्रुप मैच में एलेना रयबाकिना पर जीत या अपनी प्रतिद्वंद्वी पोलैंड की इगा स्वियाटेक से हार, बेलारूसी खिलाड़ी के लिए साल के अंत में शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर देगी। सबालेंका की जीत और चीनी खिलाड़ी झेंग किनवेन की रयबाकिना पर पहले 7-6(4), 3-6, 6-1 की जीत ने सुनिश्चित किया कि शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बुधवार को अपने अंतिम परिणाम के बावजूद अपने



समूह में पहले स्थान पर रहेगी, जिससे वह अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बन जाएंगी। ऑस्ट्रेलियन ओपन और यू.एस. ओपन चैंपियन सबालेंका ने रियाद में सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग के खिलाफ अपना पहला मैच भी जीता। चीनी खिलाड़ी और पाओलिनी, जिनका रिकॉर्ड 1-1 है, दोनों सेमीफाइनल के लिए दावेदारी में हैं और बुधवार को उनका आमना-सामना होगा। स्वियाटेक एकमात्र खिलाड़ी हैं जो सबालेंका से आगे निकल सकती हैं। मंगलवार को कोको गॉफ से खेलने वाली 23 वर्षीय खिलाड़ी को अपना खिताब बनाए रखना होगा और उम्मीद करनी होगी कि सबालेंका अपने शेष मैच हार जाएं, ताकि साल के अंत में नंबर एक स्थान हासिल कर सकें। सबालेंका ने अपनी जीत के बाद कहा, मुझे खुद पर गर्व है। सिर्फ़ खुद पर नहीं, बल्कि मेरी टीम पर भी। हम कई चीज़ों पर काबू पाने में सफल रहे। इतना बढ़िया टेनिस दिखाने और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनना, टीम वर्क है। यह सिर्फ़ मैं ही नहीं कर सकती। कोई भी पर्दे के पीछे के काम को नहीं देखता। लेकिन वे मेरे लिए बहुत कुछ करते हैं। वे मेरे लिए जो कुछ भी करते हैं, उसके लिए मैं उनकी सराहना करती हूं। यह मेरे लिए इस कोर्ट पर जीतते रहने की प्रेरणा है।

## उप्र,कर्नाटक,चंडीगढ़, मणिपुर, मप्र और एचयूटीएन ने जीते अपने मुकाबले

**चेन्नई।** 14वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के पहले दिन उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, चंडीगढ़, मणिपुर, मध्य प्रदेश और हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु (एचयूटीएन) टीमों ने अपने लीग अभियान की शुरुआत शानदार जीत की।यहां मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में शुरू हुई चैंपियनशिप में गोलों की बारिश देखने को मिली। पूल एफ के शुरुआती मुकाबले में उत्तर प्रदेश हॉकी ने केरल हॉकी को 6-0 से हराया। उत्तर प्रदेश के लिए अरुण साहनी ने (तीसरे और 52वें मिनट) में दो गोल किये। चंदन सिंह ने (21वें मिनट)में , कप्तान ललित कुमार उपाध्याय ने (32वें मिनट) में, शिबम आनंद ने (55वें मिनट) और फराज मोहम्मद ने (57वें मिनट) में गोल करके टीम को जीत दिलाई।

## शाकिब अल हसन की गेंदबाजी पर उठे सवाल, संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए किया गया रिपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अपने करियर के अंतिम दौर में चल रहे बांग्लादेशी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन मुसीबतों में फंसते नजर आ रहे हैं और इस बार अपनी गेंदबाजी के कारण। काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए एकमात्र मैच के दौरान शाकिब की संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए अंपायरों द्वारा रिपोर्ट की गई है।शाकिब को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा अपने गेंदबाजी एक्शन का विश्लेषण करवाने के लिए कहा गया था।

शाकिब ने सितंबर में टॉन्टन में समरसेट के खिलाफ एक रोमांचक चैंपियनशिप मुकाबले में सरे के लिए ने 63 से ज़्यादा ओवर फेंके और नौ विकेट चटकाए। अब पता चला है कि ऑन-फील्ड अंपायर स्टीव ओशॉघनेसी और डेविड मिल्न्स ने बाद में उनके गेंदबाजी एक्शन को संदिग्ध माना। 2010-11 में वॉर्सेस्टरशायर के साथ एक संक्षिप्त



कार्यकाल के बाद शाकिब की यह प्रतियोगिता में पहली उपस्थिति थी, उन्होंने इंग्लैंड की ड्यूटी पर आठ खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के कारण कुछ समय के लिए सरे के लिए खेलने का फैसला किया था। यह समझा जाता है कि शाकिब को खेलने से निलंबित नहीं किया गया है, लेकिन उन्हें अगले कुछ हफ़्तों के भीतर एक स्वीकृत स्थान पर आगे के परीक्षणों से गुजरना होगा। यह शाकिब के लिए एक बड़ा आश्चर्य है, जिनकी गेंदबाजी उनके 17 साल से अधिक के करियर के दौरान कभी भी जांच के दायरे में नहीं आई, जिसमें उन्होंने 447 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 712 विकेट लिए। जब इस मामले पर बीसीबी के एक अधिकारी का ध्यान आकर्षित किया गया तो उन्होंने कहा, इस मामले (शाकिब के संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन) का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट या अन्य देशों में घरेलू क्रिकेट से कोई संबंध नहीं है। यह मामला ईसीबी के अधिकार क्षेत्र में है और आईसीसी या अन्य बोर्ड से संबंधित नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर शाकिब इंग्लैंड में घरेलू क्रिकेट खेलना चाहते हैं तो उन्हें टेस्ट खेलना होगा। शाकिब को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए नहीं चुना गया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें ठीक होने के लिए कुछ और समय चाहिए क्योंकि उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना विदाई टेस्ट खेलने के लिए घर नहीं लौटने के लिए कहा गया था, जिसकी उन्होंने अपने संन्यास की घोषणा करते समय इच्छा जताई थी।

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बिहार पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम

एजेंसी

**राजगीर।** भारतीय महिला हॉकी टीम गया पहुंच गई है, जिसके साथ ही राज्य में आयोजित पहली अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की शुरुआत हो गई है। बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024, 11 से 20 नवंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें गत चैंपियन भारत के साथ पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, साथ ही जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड शामिल होंगे। कप्तान सलीमा टेटे और उप-कप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में, भारत 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, उसके बाद 12 नवंबर को कोरिया के खिलाफ मैच होगा। एक दिन के आराम के बाद, भारत 14 नवंबर को थाईलैंड का सामना करेगा। 16 नवंबर को, भारत पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को चुनौती देगा और 17 नवंबर को जापान के खिलाफ मैच के साथ पूल चरण का समापन करेगा।बिहार पहुंचने पर कप्तान सलीमा टेटे ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ÷हम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए साई बेंगलुरु में कठोर प्रशिक्षण ले रहे थे। पिछले मैचों में, हमें पिच के अंतिम तीसरे हिस्से में चुनौतियों का सामना करना पड़ा, इसलिए हमने उस क्षेत्र में सुधार करने पर काफी ध्यान केंद्रित किया है। हम मैच दर मैच आगे बढ़ेंगे और प्रत्येक में अच्छा प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखेंगे; प्रत्येक टीम एक अलग चुनौती पेश करती है, और हम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं लेंगे। यह पहली बार है जब हम बिहार में अंतरराष्ट्रीय हॉकी खेल रहे हैं, और हमें उम्मीद है कि हम अपने प्रदर्शन से क्षेत्र की सभी लड़कियों को प्रेरित करेंगे। हमने अच्छी तैयारी की है, और हमें विश्वास है कि हमारी मेहनत मैदान पर दिखेगी। भारत को 19 नवंबर को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए छह टीमों में से शीर्ष चार में जगह बनानी होगी। इसके बाद विजेता टीमें 20 नवंबर को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी। यह टूर्नामेंट मुख्य कोच हरेंद्र सिंह, (जिसमें इस साल की शुरुआत में कार्यभार संभाला था) के नेतृत्व में भारतीय महिला हॉकी टीम की पहली एशियाई प्रतियोगिता है। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में पहली बार बिहार में अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित किए जाएंगे। मैं बिहार सरकार, हॉकी इंडिया और सभी हॉकी प्रशंसकों को राज्य में अंतरराष्ट्रीय मैच लाने में मदद करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। प्रत्येक टीम ट्रॉफी जीतने के लक्ष्य के साथ आएगी और हमने पिछले पांच महीने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी को ध्यान में रखते हुए तैयारी में बिताए हैं।

## आईसीसी ने की महिला एफटीपी 2025-29 की घोषणा, भारत करेगा इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, जिम्बाब्वे की मेजबानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला 2025-2029 फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (एफटीपी) की घोषणा की, जिसके तहत भारत इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे की मेज़बानी करेगा। भारत 2029 तक चलेगा। इस एफटीपी में प्रत्येक वर्ष एक आईसीसी महिला इवेंट खेला जाएगा, जिसमें 2027 में छह टीमों की पहली चैंपियंस ट्रॉफी आयोजित की जाएगी। इस अवधि के दौरान होने वाले अन्य आयोजनों में 2025 में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप (भारत), 2026 में बाकी है) शामिल है। इस बार आईसीसी महिला चैंपियनशिप में भाग लेने वाली टीमों की संख्या 11 होगी, जिम्बाब्वे को पहली बार चैंपियनशिप में जोड़ा गया है। कुल मिलाकर, तीन-तीन मैचों की 44 श्रृंखलाओं में 132 वनडे खेले जाएंगे, जो 2029 में आईसीसी त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारत और न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा, जबकि आयरलैंड पाकिस्तान और वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा। श्रीलंका और वेस्टइंडीज अन्य सदस्यों में से हैं, जिन्हें क्रमशः 2027 और 2028 में टी-20आई त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी और इसमें ग्यारहवीं टीम के रूप में जिम्बाब्वे को शामिल किया जाएगा। यह उत्साहजनक है कि सदस्य बोर्ड सभी प्रारूपों में खेलने के लिए उत्सुक हैं, और साथ ही उन्होंने आईसीसी आयोजनों की तैयारी के लिए त्रिकोणीय श्रृंखला की योजना बनाई है। सदस्यों द्वारा संतुलित और रूप देने में उनकी प्रतिबद्धता और सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं। इस एफटीपी में टेस्ट मैचों के लिए अधिक गुंजाइश है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज सभी बहु-प्रारूप श्रृंखला खेलने के लिए सहमत हैं जिसमें एकदिनी और टी-20 आई ओलंपिक के लिए एक विंडो है, जो उस वर्ष जुलाई में आयोजित किया जाएगा, इसके अलावा डब्ल्यूबीबीएल (नवंबर), द हंड्रेड (अगस्त) और महिला प्रीमियर लीग (जनवरी-फरवरी में डब्ल्यूपीएल) के लिए समर्पित वार्षिक विंडो भी है। 2026 से, डब्ल्यूपीएल जनवरी-फरवरी विंडो में डब्ल्यूपीएल के बाद फरवरी-मार्च 2026 में आयोजित की जाएगी। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से सीए के परिचालन और शेड्यूलिंग प्रमुख पीटर रोच ने कहा, यह पहली महिला एफटीपी है जिसमें डब्ल्यूपीएल शुरू से ही लागू है। डब्ल्यूपीएल को कैलेंडर वर्ष में पहले स्थानांतरित करने के

